देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 281 । भोपाल, मंगलवार 10 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

कुख्यात अपराधी जुबैर मौलाना गिरफ्तार, जुलूस भी निकाला — पृष्ठ 3
• अघोषित इमरजेंसी या घोषित चुनावी तानाशाही? • तेलंगाना अभियान में पीएम मोदी बनाम राहुल गांधी की लड़ाई दिलचस्प — पृष्ठ 4
• हटाए झंडे, बैनर, पोस्टर, एसएसटी चेकपोस्ट का किया निरीक्षण — पृष्ठ 6
राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारियों को लेकर कसी कमर — पृष्ठ 8

## 5 राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान, आचार संहिता लागू

# मप्र में 17 नवम्बर को होगा मतदान



**आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को तीन बार अखबारों में अपनी जानकारी देनी होगी। वहीं राजनीतिक दलों को भी बताना पड़ेगा कि ऐसे प्रत्याशियों को टिकट देने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था : राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा की जिसमें छत्तीसगढ़ को छोड़कर बाकी चार राज्यों में एक-एक चरण में ही चुनाव संपन्न होंगे और चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की तारीखों का एलान करते हुए सोमवार को कहा कि मिजोरम में सात नवंबर, छत्तीसगढ़ में सात और 17 नवंबर, मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर जबकि तेलंगाना में 30 को मतदान होगा। चुनाव तिथियों के ऐलान के साथ ही इन सभी राज्यों में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है।

उन्होंने कहा कि कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता होंगे। इस बार 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार मतदान डालेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि 17 अक्टूबर को

### छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवम्बर, राजस्थान में 23 को मतदान, 3 दिसम्बर को आएंगे पांचों राज्यों के नतीजे

- बुजुर्गों को घर से मतदान करने की सुविधा
- 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार डालेंगे वोट
- 1.77 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे

वोटिंग लिस्ट जारी होगी और 23 अक्टूबर तक मतदाता सूची में सुधार का मौका मिलेगा। श्री कुमार ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए 679 विधानसभा क्षेत्रों में 1.77 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। 17,734 मॉडल मतदान केंद्र होंगे। आठ हजार 192 मतदान केंद्रों पर महिलाएं कमान संभालेंगी। सभी राज्यों के लिए मतगणना एक साथ 3 दिसम्बर को होगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 5 नवम्बर तक पूरी हो जाएगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि इस बार बुजुर्गों को घर से ही मतदान करने की सुविधा होगी। आदिवासियों के लिए विशेष मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसके साथ ही कोई भी मतदान केंद्र दो किलोमीटर से अधिक की दूरी पर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को तीन बार अखबारों में अपनी जानकारी विज्ञापित करानी होगी। वहीं राजनीतिक दलों को भी बताना पड़ेगा कि ऐसे प्रत्याशियों को टिकट देने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था। चुनाव आयोग के अनुसार मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होंगे। मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। चुनाव के लिए अधिसूचना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## आचार संहिता का सख्ती से होगा पालन

# प्रदेश में साढ़े 5 करोड़ से अधिक मतदाता चुनेंगे नई सरकार




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आज से आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 17 नवम्बर को मतदान होगा और मतगणना 3 दिसम्बर को होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पत्रकारों से कहा है कि आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन सदन में आज से ही राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) द्वारा न्यूज चैनलों पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों और समाचारों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### 21 से नामांकन, 2 को होगी नाम वापसी

निर्वाचन की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी और 30 अक्टूबर तक नामांकन पत्र जमा किए जा सकेंगे। आवेदनों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी और 2 नवम्बर को नाम वापसी होने के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

### 10 दिन पहले तक जुड़वा सकते हैं नाम

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन होने के बाद भी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिकों से मतदाता सूची से नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जा सकेंगे। निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर पात्र नागरिक अपना नाम वोटर लिस्ट में मतदाता के रूप में जुड़वा सकेंगे।

## भाजपा ने चौथी सूची में 57 उम्मीदवारों की घोषणा की

# शिवराज बुधनी से फिर लड़ेंगे चुनाव

### विधानसभा अध्यक्ष के अलावा 24 मंत्रियों को भी मिला टिकट















**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए अपनी चौथी सूची जारी कर दी है। इस सूची में 57 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर बुधनी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के अलावा 24 मंत्रियों को टिकट दिया है। इन मंत्रियों में डॉ. नरोत्तम मिश्रा, गोपाल भार्गव, भूपेन्द्र सिंह, जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला, डॉ. प्रभु राम चौधरी, अरविंद भदौरिया, विश्वास सारंग, गोविंद राजपूत, प्रद्युम्न सिंह तोमर शामिल हैं। इस सूची में ज्यादातर मंत्रियों के अलावा कुछ मौजूदा विधायक भी शामिल हैं।

पार्टी ने आज घोषित सूची में जिन प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है उनमें-अटेर से अरविंद सिंह भदोरिया, ग्वालियर ग्रामीण से भारत सिंह कुशवाहा, ग्वालियर से प्रद्युम्न सिंह तोमर, दतिया से नरोत्तम मिश्रा, खुरई से भूपेंद्र सिंह, सुर्खी से गोविंद सिंह राजपूत, रहली से गोपाल भार्गव, नरयावली से प्रदीप लारिया, सागर से शैलेंद्र जैन, खरगापुर से राहुल सिंह लोधी, मलहरा से प्रद्युम्न सिंह लोधी, पन्ना से बृजेंद्र प्रताप ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### 8 मंत्रियों के नाम अटके

इस सूची में 8 मंत्रियों के नाम शामिल नहीं हैं। इनमें- महेंद्र सिंह सिसोदिया, उषा ठाकुर, इंदर सिंह परमार, ओपीएस भदोरिया, सुरेश धाकड़, बृजेंद्र यादव, गौरीशंकर बिसेन, रामखेलावन पटेल शामिल हैं। कहा जा रहा है कि इन मंत्रियों के टिकट काटकर नए चेहरों को उतारा जा सकता है।

### सारंग, शर्मा, कृष्णा और खत्री को मौजूदा सीटों से ही मैदान में उतारा







भाजपा ने भोपाल जिले की चार और विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। मंत्री विश्वास सारंग को नरेला विधानसभा से टिकट दिया गया है। वहीं रामेश्वर शर्मा को हुजूर, कृष्णा गौर को गोविंदपुरा और विष्णु खत्री को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि दक्षिण पश्चिम सीट पर पार्टी अभी कोई फैसला नहीं कर पाई है। इस सीट से पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, सुरेन्द्रनाथ सिंह और राहुल कोठारी प्रमुख दावेदार हैं। 2 अन्य सीटों भोपाल उत्तर से आलोक शर्मा, मध्य से ध्रुवनारायण सिंह को पार्टी पहले ही टिकट दे चुकी है।

## सार-समाचार

### भारत-तंजानिया बने रणनीतिक साझीदार, रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत एवं तंजानिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदलने तथा रक्षा क्षेत्र एवं आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में परस्पर सहयोग को बढ़ाने की आज घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के बीच यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक में ये फैसले लिये। दोनों देशों के बीच परस्पर सहयोग के छह समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए।

### सिक्किम में बाढ़ में फंसे 80 लोगों को निकाला गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति ने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में सोमवार को यहां एक बैठक में सिक्किम में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। सिक्किम के मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि अधिकांश क्षेत्रों में सड़क संपर्क स्थापित हो चुका है और मौसम में सुधार के चलते फंसे हुए लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सुबह 80 लोगों को निकाला गया है।

### बंगाल में डेंगू के मरीजों की संख्या 50 हजार के पार

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में डेंगू चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है, जिससे प्रभावित लोगों की कुल संख्या 50 हजार का आंकड़ा पार कर गई है। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अब तक 56,707 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से रविवार शाम तक पिछले सात दिन में 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अनौपचारिक अनुमान के मुताबिक मरने वालों की संख्या 60 है।

### नौवां भारत-अंतरराष्ट्रीय नृत्य संगीत महोत्सव 18 से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (आईसीसीआर) की ओर से राजधानी दिल्ली में आगामी 18-20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय 'नौवां भारत-अंतरराष्ट्रीय नृत्य संगीत महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में अलग-अलग देशों के करीब 14 विदेशी सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे।

# इजरायली रक्षा मंत्री ने गाजा की 'पूर्ण घेराबंदी' का आदेश दिया



**यरूशलम, एजेंसी।** इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने सोमवार को गाजा पट्टी की पूर्ण घेराबंदी का आदेश दिया। इससे पहले इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने हमास आतंकवादी समूह के साथ संघर्ष के तीसरे दिन तटीय क्षेत्र के आसपास के सभी स्थानों पर फिर कब्जा करने का दावा किया था। बीबीसी ने मंत्री के टेलीविज़न संबोधन के हवाले से कहा, बिजली नहीं, भोजन नहीं, ईंधन नहीं। उन्होंने कहा, हम बर्बर लोगों से लड़ रहे हैं और उसी के अनुसार जवाब देंगे। इजराइल गाजा के हवाई क्षेत्र और इसकी तटरेखा को नियंत्रित करता है, और इसकी सीमा में किसके और किस सामान को अंदर या बाहर जाने की अनुमति देनी है, इसे प्रतिबंधित करता है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इसी तरह, मिस्र भी गाजा के साथ उसकी अपनी सीमा के अंदर और बाहर जाने वालों को नियंत्रित करता है। इस बीच, हमास ने सोमवार को कहा कि उसने इजरायली हवाई हमलों के जवाब में दक्षिणी इजरायली शहरों अशदोद और अश्कलोन की ओर 120 रॉकेट दागे। आने वाले रॉकेटों के परिणामस्वरूप, यरूशलेम और तेल अवीव में भी चेतावनी के सायरन बज उठे। इज़राइल की आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, गाजा के ठीक उत्तर में अश्कलोन में, चार लोग घायल हो गए, जबकि अशदोद में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आतंकवादी समूह द्वारा 7 अक्टूबर को दक्षिणी इज़राइल पर अभूतपूर्व हमला करने के बाद सोमवार को इज़राइल और हमास के बीच संघर्ष का तीसरा दिन है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 493 हो गई, जबकि 2,751 लोग घायल हुए हैं।

### गाजा में तीन दिनों के संघर्ष में 1 लाख 23 हजार से अधिक लोग विस्थापित

**गाजा, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 7 अक्टूबर को तटीय क्षेत्र में इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से तीन दिनों में गाजा में कुल 123,538 लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं। एक बयान में, मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा-डर, सुरक्षा चिंताओं और उनके घरों के विनाश के कारण 17,500 से अधिक परिवार, जिनमें 123,538 से अधिक लोग शामिल हैं, गाजा में आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए हैं। नवीनतम अपडेट में, निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने कहा कि वह वर्तमान में गाजा पट्टी के सभी क्षेत्रों में अपने 64 स्कूलों में 73,538 आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों (आईडीपी) को आश्रय दे रही है। उनमें से, 45 नामित आपातकालीन आश्रय (डीईएस) हैं। यूएनआरडब्ल्यूए के प्रवक्ता अदनान अबू हसना को उम्मीद है कि विस्थापित लोगों की संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा, इन स्कूलों में बिजली है, हम उन्हें भोजन, साफ पानी, मनोवैज्ञानिक सहायता और चिकित्सा उपचार प्रदान करते हैं।

## कार्य समिति की बैठक के बाद राहुल ने की घोषणा

# कांग्रेस शासित सभी राज्यों में होगी जातीय जनगणना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने जातीय जनगणना के मुद्दे पर प्रमुखता से आगे बढ़ने का फैसला किया है। सोमवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी में जातीय जनगणना को लेकर सर्वसम्मति बनी। वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद राहुल गांधी ने कहा कि समिति ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने साफ किया कि कांग्रेस शासित राज्यों में जातीय जनगणना कराई जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि अब देश जातीय जनगणना चाहता है। राहुल गांधी ने कहा कि वर्किंग कमेटी में 4 घंटे तक जातीय जनगणना के मुद्दे पर चर्चा हुई।

### हम जो वादा करते हैं, उसे निभाते हैं

राहुल गांधी ने उम्मीद जताई कि इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल इस पर सहमत होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हम जो वादा करते हैं उसे निभाते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम बीजेपी पर जातीय जनगणना के लिए दबाव बनाएंगे। राहुल ने कहा कि अगर वे नहीं करते हैं तो उन्हें पीछे हट जाना चाहिए क्योंकि देश जातिगत जनगणना चाहता है।

### जातिगत जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे भी

राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे भी कराया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि सबको न्याय मिले इसके लिए जातिगत जनगणना कराई जाएगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के पास डाटा है उसे जारी करना चाहिए।

### ओबीसी के लिए काम नहीं करते मोदी

कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ओबीसी के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि वह देश के दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को उनका हिस्सा नहीं देना चाहते हैं इसलिए जाति जनगणना नहीं करवा रहे हैं। उनका कहना था कि देश के विभिन्न संस्थानों में आदिवासी, दलित, ओबीसी कितना है इसकी जनगणना होनी जरूरी है और उनकी आर्थिक हैसियत क्या है इसका भी सर्वे कराया जाना चाहिए।

## गोल्डिन अर्थशास्त्र में नोबेल जीतने वाली तीसरी महिला

# क्लाउडिया गोल्डिन को मिला अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन ने महिलाओं के श्रम बाजार के बारे में लोगों की समझ को आगे बढ़ाने के लिए 2023 का नोबेल अर्थशास्त्र पुरस्कार जीता है। 2009 में एलिनोर ओस्ट्रोम और 2019 में एस्थर डुफ्लो के बाद गोल्डिन इकोनॉमिक साइंस में नोबेल जीतने वाली तीसरी महिला हैं। 1969 से 2022 तक इकोनॉमिक साइंस में दिए गए 54 नोबेल पुरस्कारों में से 92 विजेताओं में से केवल 25 को व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त करने का सम्मान मिला है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, इस साल इकोनॉमिक साइंस में पुरस्कार विजेता क्लाउडिया गोल्डिन ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार में भागीदारी का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया है। उनके शोध से परिवर्तन के कारणों के साथ-साथ लिंग अंतर के मुख्य स्रोतों का पता चलता है। प्रतिष्ठित पुरस्कार इस वर्ष के नोबेल पुरस्कारों में से अंतिम है और इसमें विजेता को 11 मिलियन स्वीडिश क्राउन (999,137 डॉलर) मिलता है।

## राकांपा विधायक अयोग्यता विवाद मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को दिया नोटिस

### फैसला करने में कर रहे हैं देरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अजीत पवार और सात अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया।

विधानसभा अध्यक्ष पर आरोप है कि वह दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत फैसला करने में देरी कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राकांपा नेता जयंत पाटिल की याचिका पर यह नोटिस जारी की। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को करेगी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर याचिका पर 13 अक्टूबर को ही अगली सुनवाई करने वाली है। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने पहले याचिका दायर की थी।

### मोहम्मद फैज़ल लक्षद्वीप के सांसद बने रहेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केरल उच्च न्यायालय के उस हालिया आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की हत्या के प्रयास के मामले में उनकी सजा को निलंबित करने की याचिका खारिज कर दी गई थी। केरल हाई कोर्ट के आदेश के बाद, फैजल को दूसरी बार सांसद के रूप में अयोग्यता का सामना करना पड़ा। शीर्ष अदालत की रोक के बाद फैजल अब सांसद बने रह सकते हैं। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति संजय करोल की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त के रिमांड आदेश से दोषसिद्धि के निलंबन का लाभ चालू रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त के आदेश ने दोषसिद्धि के निलंबन पर पुनर्विचार करने के लिए आदेश को वापस हाई कोर्ट को भेज दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि दोषसिद्धि के निलंबन का लाभ फिलहाल जारी रहेगा। अदालत के समक्ष फैजल का प्रतिनिधित्व करते हुए, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि सांसद के रूप में चुने जाने के बाद प्राथमिकी संशोधित कर उसमें हत्या के लिए प्रयुक्त हथियार के रूप में लोहे की रॉड को शामिल किया गया था।

## सार समाचार

### लायंस क्लब गुना सिटी ने किया वस्त्र वितरण



**गुना, देशबन्धु।** लायंस क्लब गुना सिटी द्वारा लायन सेवा सप्ताह के समापन पर ग्राम भेंरो घाटी में ग्रामीण बस्तियों में जरूरतमंद व्यक्तियों को नए वस्त्रों का वितरण किया गया। इस दौरान 600 से अधिक ग्रामीणों ने इसका लाभ उठाया। सभी वस्त्र किरण सेवा न्यास इंदौर के सौजन्य एवं क्लब के साथी मुकेश श्रीमाल के अधिक प्रयास से प्राप्त हुए। इस अवसर पर सेवा सप्ताह के प्रभारी शैलेंद्र जैन, अतुल अग्रवाल, राजीव जैन, मुकेश श्रीमाल, दीपक गोयल, रवि मंगल, प्रदीप मित्तल, रमेश खंडेलवाल, महावीर जैन, केके नीखरा, संजय गुप्ता एवं गांव के समस्त ग्रामीण जन मौजूद थे।

### अवैध शराब के साथ पारदी गिरफ्तार



**गुना, देशबन्धु।** बमोरी पुलिस द्वारा अवैध शराब एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर को पुलिस को थाना क्षेत्र के ग्राम मूंदोल स्थित अंबेडकर भवन के पीछे एक व्यक्ति के अवैध शराब रखकर उसे बेचने के लिये बैठे होने की सूचना मिली। यहां पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस फोर्स द्वारा जिसको घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जिसने पूछताछ पर अपना रिप सिंह पुत्र रुप सिंह बेलपारदी निवासी ग्राम सिंगवासा थाना कैंट का होना बताया। जिसके पास मिली प्लास्टिक की केनों को चैक करने पर उनमें हाथभट्टी की बनी कुल 60 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी होना पाई गई। जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त की गई एवं आरोपी रिप बेलपारदी को गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### खेत पर जुआ खेलते हुए 2 दबोचे

**गुना, देशबन्धु।** विजयपुर पुलिस द्वारा पालिका बाजार क्षेत्र में जुआ खेल रहे दो व्यक्ति को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति ग्राम पालिका बाजार मे हरि भील के खेत पर जुआ चल रहा है। उक्त सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जुआ खेलते हुए नईम खान पुत्र शरीफ खान निवासी पालिका बाजार विजयपुर तथा हीश बाबा पुत्र इमाम खान निवासी पालिका बाजार को रंगेहाथों दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी एवं 500 रुपए बरामद किए। पुलिस ने दोनों पर 13 ध्रुत क्रीड़ा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### कलेक्टर से की स्थान बदलने की मांग

# नपा के ऑडिटोरियम के खिलाफ लामबंद हुआ प्रजापति समाज, सौंपा ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** नगरपालिका द्वारा हाल ही में शहर में जिस स्थान पर ऑडिटोरियम बनाए जा रहा है उसके खिलाफ स्थानीय प्रजापति, कुंभकार समाज लामबंद हो गई। समाज ने उसे अपने परंपरागत व्यवसाय के लिए मिट्टी लेने का एकमात्र स्थान बताते हुए नपा से इसे बदलने की मांग की है। सोमवार को समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि उक्त भूमि को प्रजापति कुंभकार समाज के पास ही रहने दिया जाएं, नपा ऑडिटोरियम बनाने के लिए कोई अन्य भूमि प्रदान करे। दरअसल हाल ही में विधायक गोपीलाल जाटव और नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा ऑडिटोरियम हेतु जमीन पर भूमिपूजन किया गया है। अब उस जगह को लेकर विरोध शुरू हो गया है। प्रजापति, कुंभकार समाज इस भूमि को अपनी भूमि बता रहा है और प्रजापति समाज द्वारा भूमि को वापस लौटाने की मांग की जा रही है। आज प्रजापति, कुंभकार समाज ने इसे लेकर प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कुशमौदा परगना गुना वायपास रोड पर स्थित शासकीय मिट्टी खदान भूमि सर्वे क्रमांक 334/4 रकवा 0.364 हेक्टेयर भूमि जोकि नगरपालिका गुना को आडोटोरियम हेतु आवंटित की गई है। वह प्रजापति, कुंभकार समाज की भूमि है उसे वापस कराया जाए। ज्ञापन में समाज ने कहा कि प्रजापति, कुंभकार समाज की जमीन थी। लेकिन जिलाधीश को वास्तविक तथ्यों से अवगत न कराते हुए इसे आवंटित करा लिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में प्रजापति कुंभकार समाज के लोग मौजूद रहे।

### वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस के हाथ लगा आरोपी

## साढ़े 3 लाख की 35 किलो डोडाचूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार




**गुना, देशबन्धु।** जिले की मृगवास पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाके पर चैकिंग के दौरान 3.50 लाख कीमत के 35 किलोडोडाचूरा सहित एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस पुलिस की एक टीम द्वारा थाना क्षेत्र से राजस्थान राज्य के अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाका चैकिंग पोस्ट गौमुख नाके पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान राजस्थान के ग्राम लोधीपुरा तरफ से बिना नंबर की एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटर सायकिल पर एक व्यक्ति मोटर सायकिल पर पीछे प्लास्टिक के दो कट्टे बांधे हुए आता दिखा। जिसे पुलिस फोर्स द्वारा रोकने पर उसके चालक द्वारा मोटर सायकिल को धीमा कर एकदम से स्पीड देकर भागने का प्रयास किया तो पुलिस फोर्स द्वारा उसे घेराबंधी कर दबोचा। जिसने पूछताछ पर उसने अपना नाम घनश्याम पुत्र घोटू मीना निवासी ग्राम घटगांव थाना हर्नावदा जिला बांरा राजस्थान का होना बताया। जिसके पास से 35 किलो डोडाचूरा बरामद किया। जिसकी कीमती करीबन 3.50 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपी धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## कांग्रेस संगठन में फेरबदल, ब्लॉक-1 के अध्यक्ष बने रणवीर



**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच कांग्रेस द्वारा निरतंर संगठन में फेरबदल एवं नियुक्तियां की जा रही है। इसी क्रम में अब ब्लॉक-1 अध्यक्ष पद रणवीर कुशवाह को नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं दिग्विजय सिंह के आदेशानुसार एवं विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देशानुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ की अनुशंसा पर गुना ब्लॉक 1 का ब्लॉक अध्यक्ष श्री कुशवाह को मनोनीत किया गया है।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस के वरिष्ठजनों ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, योगेंद्र सोनी, निकलंक जैन, आनंद पांडे, रतिराम धाकड़, गोपाल शर्मा, वीरेंद्र सिसोदिया, हर्ष मेर, महेंद्र राजपूत, विक्रम तोमर, छोटू शिमला, महेंद्र त्रिवेदी, केपी तोमर, राम प्रकाश चौधरी, रेखा राकेश वाल्मीकि, हीरालाल अहिरवार, सत्येंद्र जैन, राजू जाटव, रामकृष्ण धाकड़ आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हमारे गुणों से ही सम्मान प्राप्त होता है : भार्गव



**गुना, देशबन्धु।** हमे समाज में अपने उच्च मानवीय गुणों को स्थापित करते हुए समाज को देने का भाव विकसित करना चाहिए। क्योंकि हमारे गुणों से हमको वास्तविक सम्मान प्राप्त होता है। उक्त उद्गार प्रदेश संगठन मंत्री अनिल भार्गव ने स्थानीय शिशु मंदिर में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस अशोकनगर जिला इकाई द्वारा अनिल भार्गव प्रदेश संगठन मंत्री के मुख्य आतिथ्य में तथा हरवीर सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान विश्वकर्मा की पूजन एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जलन कर किया गया। कार्यक्रम में रामवीर सिंह रघुवंशी, राम कृष्ण शर्मा, खेमराज पाल, महेंद्र शर्मा, बसंत शर्मा, भागचंद जैन आदि मंचस्थ रहकर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान अपने संबोधन में संगठन की रिति निति की जानकारी देते हुए संगठन विस्तार की आवश्यकता पर जोर दियर। जिला सचिव रघुवीर शर्मा ने संगठन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं अतिथि परिचय बसंत सक्सेना ने कराया। संगठन गीत घनश्याम सोनी ने तथा संचालन श्री गुप्ता ने किया। इस अवसर पर शिशुपाल यादव, भगवत सिंह रघुवंशी के अलावा ईशागढ़, मुंगावली, पिपरई के तहसील एवम विकास खंड पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गाय बांधने को लेकर बुजुर्ग से जमकर मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत मोहरीकलां में गाय बांधने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ जमकर मारपीट की दी। जिसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी बुन्देलसिंह पुत्र हल्कूराम खंगार ने बताया कि वह अपने गांव के रामू अहिरवार से कहा कि तुमने मेरी गाय क्यों बांध ली है। तो इसी बात पर आरोपीगण रामू अहिरवार, हरनाम अहिरवार एवं अल्ला अहिरवार ने गाली गलौंच कर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी रमा तथा बहू रजनी के साथ भी आरोपीगणों ने मारपीट की। मारपीट में बुरी तरह घायल को परिजनों ने 108 एम्बुलेंस से अस्पताल आरोन में भर्ती कराया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

इधर म्याना थानांतर्गत ग्राम खोंकर में बागड़ तोडऩे को लेकर चाचा-भतीजे आपस में भिड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी संजय यादव पुत्र सीताराम यादव ने अपने पिता सीताराम के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की कि गत शाम वह अपने खेरे में मकान का काम चल रहा था। तभी वहां उसके चाचा रणवीर उर्फ लालू यादव व उनका लडक़ा रविन्द्र यादव ट्रेक्टर से आये और ट्रेक्टर से खेरे की बागड़ तोड़ दी। इस दौरान दोनों ने गाली गलौंच कर लाठी डंडों से मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों पर मारपीट एवं तोडफ़ोड़ का मामला दर्ज किया है।

## राज्य शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन



**सीहोर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षक माध्यमिक शिक्षक और उच्च माध्यमिक शिक्षक को 12 वर्ष 24 वर्ष एवं 30 वर्ष पूर्ण करने पर वरिष्ठ वेतनमान एवं क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में संगठन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया है कि जिला सीहोर में विगत 6 वर्षों से नवीन सेवकों को क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान विभागीय निर्देश न होने के कारण प्राप्त नहीं हो रहे थे। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा था। उक्त संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा की गई। उन्होंने पूर्ण आश्वासन दिया है कि तत्काल प्रस्ताव संकुल से बुलवाकर नवीन संवर्ग के लोक सेवकों को इसका लाभ प्रदान किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष विश्वजीत त्यागी, वरिष्ठ सदस्य संजय सिंह जादौन, चंद्रशेखर वर्मा, जागेश्वर भगत, जगदीश मालवीय, विनोद मालवीय, बहादुर सिंह मालवीय, अनिल नारोलिया, रितेश राठौर, दिनेश झाला, रामनरेश कुशवाहा, देवेंद्र राठौर आदि उपस्थित थे।

## कम्युनिटी हॉल में सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग



**आष्टा, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद के माध्यम से कम्युनिटी हॉल बस स्टेण्ड में स्थल उपलब्ध करवा कर वहां पर बैठने के लिए कुर्सियों, बैंचो की व्यवस्था करवा कर पैयजल तथा मुत्रालय, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, जिससे बड़ा बाजार के व्यापारीगण तथा वहॉ आने-जाने वाले नागरिको को यातायात आदि में भारी सुगमता होगी। यह मांग पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने की है। पूर्व नापध्यक्ष कैलाश परमार ने स्थानीय प्रशासन तथा नगरपालिका प्रशासन का ध्यान इस जनसमस्या की और दिलाते हुए कहा है कि दैनिक मजदूरी पर कार्य करने वाले श्रमिकों की इस समस्या का त्वरित निराकरण कर कम्युनिटी हॉल में पूर्व की भांति श्रमिकों के लिए कुर्सियों, बैंचो की व्यवस्था करवाई जावे, उनको पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायें,

## आज अग्रसेन महोत्सव में पति-पत्नी का हास्य नृत्य का किया जाएगा आयोजन




**सीहोर, देशबन्धु।** शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रवाल समाज के तत्वाधान में अग्रसेन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के तीसरे दिन दोपहर में 50 साल से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं ने जापे में खाये जाने वाले व्यंजन बनाकर स्टाल लगाए और उसके बाद 25 से 40 वर्ष की आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं की कौड़ी के गहने बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोमवार को 4 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

अग्रसेन महोत्सव के मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता ने बताया कि गत दिनों महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। रविवार को लक्की गेम प्रतियोगिता के अलावा ड्राइंग प्रतियोगिता के बाद कपल गेम का आयोजन किया गया था। वहीं सोमवार को दोपहर में 50 साल से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं ने जापे में खाये जाने वाले व्यंजन बनाकर स्टाल लगाए और उसके बाद 25 से 40 वर्ष की आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं की कौड़ी के गहने बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाम को 40 से 55 वर्ष की महिलाओं के लिए लक्की गेम और सभी महिला वर्ग के लिए रात्रि 8 बजे से लक्की गेम की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सोमवार को जापे में खाये जाने वाले व्यंजन बनाकर स्टाल लगाने वाली महिलाओं ने बताया कि यह प्रतियोगिता एक संदेश है कि डिलीवरी के बाद महिला का शरीर काफी कमजोर हो जाता है। उन्हें खास देखरेख की जरूरत होती है।

### राय को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर समर्थकों ने फोड़े पटाखे

**सीहोर, देशबन्धु।** विधायक सुदेश राय पर इस बार भी भाजपा ने भरोसा जताया है। उनके भाजपा से प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा होते ही उनके समर्थकों ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के लीसा टाकिज परिसर में बने सीहोर विधानसभा के विधायक कार्यालय में पटाखे फोड़े और मिठाईयां बांटी। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक बार फिर से विधायक श्री राय अपने कार्यकाल में किए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों के कारण और अपनी सरलता और सहजता के कारण चुनाव में विजय श्री प्राप्त करेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। सोमवार की शाम को सीहोर विधायक कार्यालय में भाजपा के सभी नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाजपा से श्री राय को उम्मीदवार बनाए जाने पर स्वागत किया।

### अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर लगाई रोक

**गुना, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आम निर्वाचन की घोषणा की जा चुकी हैं। मतदान सम्पन्न कराने के लिए मतदान दल, प्रशिक्षण, जोन, सेक्टर एवं मतगणना आदि कार्य हेतु काफी संखया में अधिकारियों एवं कर्मचरियों को नियुक्त किया जावेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी द्वारा निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न न हो एवं चुनाव कार्य विधिवत सम्पन्न हो सके, इस हेतु समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों को अपने-अपने मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के आदेश जारी किये गये है एवं निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने तक अधिकारियों/ कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाशों पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। बीमारी एवं अत्यावश्यक कार्यवश किसी अधिकारी/ कर्मचारी को अवकाश कलेक्टर एवं जिल निर्वाचन अधिकारी स्वीकृति प्राप्त कराने के लिए आदेशित किया गया हैं।

**सरकारी वाहनों के उपयोग पर लगाया गया प्रतिबंध :** कलेक्टर द्वारा निर्वाचन की घोषणा दिनांक से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने तक स्थानीय निकायों, शासकीय उपक्रमों, अर्द्धशासकीय सहकारी संस्थाओं आदि के वाहनों का उपयोग जन प्रतिनिधियों (अशासकीय पदाधिकारियों) के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के उद्देश्य से पूर्णत- वर्जित किया गया है। इन वाहनों में वह वाहन भी शामिल हैं, जो संस्था द्वारा किराए पर लिए गए है। इसके साथ ही समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि उपलब्ध वाहनों का दुरूपयोग रोकना सुनिश्चितता करें।

## गरबा के लिए प्रतिदिन दे रहे प्रशिक्षण



**सीहोर, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्र के बीच सिद्धपुर महोत्सव भव्य मनमोहक आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गई हैं। 3 दिवसीय गरबा महोत्सव चाणक्यपुरी स्थित कृष्णा सेलिब्रेशन में शुरू होगा। इससे पहले युवतियों ने गरबा की रिहर्सल उत्साह और उमंग के साथ प्रतिदिन कर रही हैं। ढोल की थाप पर नाचते गाते युवतियों ने गरबा किया।

कृष्णा गार्डन में आयोजित रिहर्सल सत्र के दौरान युवाओं ने ढोली तारो ढोल बाजे, ढोल बाजे, धम-धम बाजे ढोल गीत पर गरबा किया। भक्ति गीतों की धुन पर जमकर कदम से कदम मिलाए। प्रशिक्षक नवीन चौधरी की अगुवाई में प्रशिक्षण युवतियों, महिलाओं एवं बच्चों को गरबे के विभिन्न स्टेप्स सिखा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक प्रदीप नागिया, अध्यक्ष आशीष गुप्ता, शुभम चौरसिया ,राजेंद्र नगर, सुनील अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### 1092 बनाए गए मतदान केंद्र

## विधानसभा चुनाव में 9 लाख 33 हजार 837 करेंगे मतदान

**गुना, देशबन्धु।** जिले में विधानसभा चुनाव में अंतर्गत कुल मतदाता 9 लाख 33 हजार 837 हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 4 लाख 84 हजार 88 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 4 लाख 49 हजार 732 तथा थर्ड जेण्डर 17 शामिल है। इनमें सबसे अधिक मतदाता विधानसभा चांचौड़ा में 2 लाख 37 हजार 135 तथा सबसे कम मतदाता विधानसभा बमोरी में 2 लाख 25 हजार 44 हैं।

कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1092 हैं। जिनमें शहरी 269 तथा 823 ग्रामीण में हैं। सबसे अधिक मतदान केंद्र विधानसभा चांचौडा में 282 विधानसभा चांचौडा में तथा सबसे कम 269 विधानसभा विधानसभा राघौगढ़ में हैं। विधानसभा क्षेत्र 28-बमोरी अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में 277 तथा शहरी 0 कुल 277, विधानसभा विधानसभा क्षेत्र 29-गुना (एससी) अंतर्गत 112 ग्रामीण तथा 152 शहरी कुल 264, विधानसभा क्षेत्र 30-चांचौड़ा अंतर्गत 233 ग्रामीण तथा 49 शहरी कुल 282 तथा विधानसभा क्षेत्र 31-राघौगढ़ अंतर्गत 201 ग्रामीण तथा 68 शहरी कुल 269 मतदान केंद्र शामिल हैं। जिनमें विधानसभा क्षेत्र 28-बमोरी अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 15 हजार 910 तथा महिला मतदाता 1 लाख 9 हजार 134 कुल मतदाता 2 लाख 25 हजार 44, विधानसभा क्षेत्र 29-गुना (एससी) अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 21 हजार 172, महिला मतदाता 1 लाख 13 हजार 976, थर्ड जेण्डर 09 इस प्रकार कुल मतदाता 2 लाख 35 हजार 157, विधानसभा क्षेत्र 30-चांचौड़ा अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 23 हजार 821, महिला मतदाता 1 लाख 13 हजार 310, थर्ड जेण्डर 04 इस प्रकार कुल मतदाता 2 लाख 37 हजार 135 तथा विधानसभा क्षेत्र 31-राघौगढ़ अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 23 हजार 185, महिला मतदाता 1 लाख 13 हजार 312, थर्ड जेण्डर 04 इस प्रकार कुल मतदाता 2 लाख 36 हजार 501 मतदाता हैं।

# न्याय यात्रा लेकर पहुंची डिप्टी कलेक्टर को पुलिस ने रोका, झूमाझटकी में कपड़े फटे

## गिरफ्तार कर भेजा जेल, रिहा भी किया

**भोपाल, देशबन्धु।** डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे की पैदल न्याय यात्रा सोमवार को भोपाल पहुंची। यहां उन्होंने यहां एमपी नगर स्थित बोर्ड आफिस चौराहे पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे मुख्यमंत्री निवास तक जाना चाहती थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान निशा के समर्थन में बड़ी संख्या में उनके समर्थक और कांग्रेस कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए। इनकी पुलिस से तीखी नोक-झोंक हो गई। इस दौरान हुई झूमा झटकी में निशा के कपड़े फट गए और उनके हाथ में मौजूद बाबा साहेब की तस्वीर भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद पुलिस ने इस सबको हिरासत में ले लिया और वैन में बिठाकर ले गई और फिर सभी को जेल पहुंचा दिया। हालांकि बाद में इन्हें जमानत पर रिहा कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, निशा बांगरे छतरपुर जिले के लवकुशनगर में एसडीएम के पद पर थीं। इस दौरान आमला में सर्व-धर्म शांति सम्मेलन में भाग लेने छुट्टी नहीं मिलने के कारण उन्होंने 27 जून को नौकरी से ही इस्तीफा दे दिया था लेकिन राज्य सरकार ने इसे मंजूर नहीं किया था। इसके विरोध में उन्होंने 28 सितंबर को बैतूल जिले के आमला से पैदल न्याय यात्रा चालू की और 200 किमी पैदल चलकर सोमवार को भोपाल आई। उन्होंने यहां एमपी नगर स्थित बोर्ड आफिस चौराहे पर आंबेडकर प्रतिमा पर पर माला अर्पित की। इसके बाद वे मुख्यमंत्री निवास के सामने प्रदर्शन करना चाहती थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान निशा के समर्थन में बड़ी संख्या में उनके समर्थक और कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा, महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोनू सक्सेना भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंच गए। इनकी पुलिस से तीखी नोक-झोंक हो गई। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों से झूमाझटकी में निशा बांगरे के कपड़े फट गए और उनके हाथों में रखी बाबासाहब की तस्वीर भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद पुलिस ने इन सभी को हिरासत में ले लिया। वाहन में बिठाकर ले गए और धारा 151 में जेल भेज दिया गया। हालांकि बाद में इन्हें जमानत पर रिहा कर दिया।



### राज्य सरकार ने मेरे साथ अन्याय किया: निशा

निशा ने राज्य सरकार ने मेरे साथ अन्याय किया है। मुझे सर्वधर्म प्रार्थना करने से रोका गया। मैं कई दिनों से सड़क पर ही हूं। न्याय यात्रा की शुरुआत करने के बाद मुझे मार डालने की धमकी दी गई। मैं सर्व समाज को लेकर चलना चाहती हूं। मुख्यमंत्री कट्टरपंथी विचारधारा के साथ काम कर रहे हैं।

# कुख्यात अपराधी जुबैर मौलाना गिरफ्तार, जुलूस भी निकाला

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल क्राइम ब्रांच ने कुख्यात अपराधी जुबैर मौलाना को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद ऐशबाग इलाके में उसके घर के पास ही उसका जुलूस भी निकाला गया। बताया गया है कि जुबैर बीते एक महीने से एमपी नगर थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा था। उसके खिलाफ पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित था।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी शेलेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक आरोपी जुबैर मौलाना ने सितंबर महीने में दुर्गा नगर में अपने दो साथियों के साथ मिलकर अब्दुल नफीस पुत्र अब्दुल वसीम उम्र 38 वर्ष पर गाली दागकर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया था। इस वारदात को पुरानी रंजिश को लेकर अंजाम दिया था। वहीं इस वारदात के बाद से ही जुबेर फरार चल रहा था। उस पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित है। वहीं लंबे समय से क्राइम ब्रांच उसकी तलाश कर रही थी। उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। लेकिन वह हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। बताया गया है कि आरोपी सोमवार को जुबैर फतेहगढ़ में स्थित एक चाय दुकान के पास अपने दोस्त से मिलने आया था। मुखबिर की सूचना पर यहां पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस जुबैर के ऐशबाग इलाके में उसके घर अवैध हथियार की तलाश करने पहुंची। इस दौरान इलाके में उसके घर के पास ही उसका जुलूस भी निकाला गया। फिलहाल पुलिस बदमाश से पूछताछ में जुटी है।



### युवक ने परेशान होकर की थी खुदकुशी

# सरपंच के पति और बेटे सहित 4 पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल, देशबन्धु।** बैरसिया के ग्राम पिपलिया हसनाबाद में एक माह पहले एक युवक ने खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गांव की सरपंच के पति, उसके बेटे और भाई समेत चार लोगों पर खुदकुशी के लिए उकसाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि इस मामले में अभी और लोगों पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

बैरसिया थाने के एएसआइ हेमंत कुमार सिंह के मुताबिक ग्राम पिपलिया हसनाबाद निवासी 38 वर्षीय मुशरफ खान ने 7 सितंबर को अपने गांव में खुदकुशी कर ली थी। उस समय उसके पास कोई पत्र नहीं मिला था, लेकिन बाद में उसके परिजनों ने पलंग के गद्दे के नीचे से मिले दो पत्र पुलिस को सौंपे थे। उसमें करीब 12 लोगों के नाम लिखे थे, जो उसे प्रताड़ित कर रहे थे। इसमें चार नामों के संबंध में साक्ष्य पुलिस को मिल गए हैं। इसके चलते उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। इनमें गांव की सरपंच के पति लतीफ खान, उसका बेटा हसीन खान, भाई अनीस खान और एक अन्य गुलसान खा शामिल है। बताया गया है कि मुर्शरफ ने गांव के कुंए की खोदाई को लेकर इनकी शिकायत की थी, जिसकी जानकारी इन लोगों को मिल गई थी और वह उसे शिकायत करने पर परेशान कर रहे थे। इससे उसने अपनी जान देने का कदम उठाया।

# कॉसमॉस कॉलोनी की दीवार पर घूमता रहा तेंदुआ फिर जंगल में भागा



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के बोरदा इलाके में तेंदुए का आवागमन देखने को मिला है। बताया गया है कि कॉसमॉस कॉलोनी की दीवार पर कुछ देर तक तेंदुआ घूमता रहा। इसके बाद जंगल की ओर भाग निकला। कॉलोनी के ही एक युवक ने तेंदुए का वीडियो बना लिया। तेंदुए के आवागमन से लोगों में दहशत है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलार रोड स्थित कॉसमॉस कॉलोनी में रविवार देर रात तेंदुआ देखा गया। यहां रहने वाले राहुल सिंगोड़िया ने अपने मोबाइल में तेंदुए का वीडियो बना लिया। राहुल ने बताया कि रात करीब साढ़े 11 बजे दीवार पर तेंदुआ घूम रहा था। हालांकि, कुछ देर में ही वह जंगल की ओर भाग निकला। वहीं पर्यावरण से जुड़े राशिद नूर ने बताया कि कोलार रोड पर बसी कॉलोनियों से आगे ही जंगल है। यहां पर बाघ, तेंदुए का आवागमन रहता है। पहले भी यहां तेंदुए देखे जा चुके हैं। चूंकि कॉसमॉस कॉलोनी के आसपास के क्षेत्र में भी जंगल है।

# कागज, कांच और मोती पर प्रयोग कर उकेरे खूबसूरत शिल्प, गौहर महल में दिखा रहे हुनर

**भोपाल, देशबन्धु।** ज्ञानपथ शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से गौहर महल में गांधी शिल्प मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में देश भर से 10 बुनकर और 40 हस्तशिल्पियों द्वारा अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया जा रहा है। इनके पास घर की साज-सज्जा के अलावा कई तरह के पर्यावरण मित्रता वाले उत्पाद उपलब्ध है। इन्हें लोगों की मांग पर तैयार किया जाता है।

मेले में झाबुआ जिले के भील चित्रकार बाबू ताहेड़ विशेष प्रकार के भील चित्र लेकर आए हैं। उन्होंने बताया कि वे पिछले आठ साल से चित्रकारी कर रहे हैं। उन्होंने चित्रकारी करना अपनी बड़ी मां से सीखा, जो जनजातीय संग्रहालय में काम करती हैं। उन्होंने बताया कि पहले भील चित्रकारी प्राकृतिक रंगों से होती थी, लेकिन वे कागज की सीट पर ऐक्रेलिक रंगों से चित्रकारी करते है। हालांकि इसमें समय ज्यादा लगता है। एक चित्र को बनाने में कम से कम तीस से चार दिन का समय लगता है। भील चित्रकारी में वे आदिवासी पूजा-पाठ, पेड़-पौधे और वहां के जानवरों को दर्शाते हैं। उनका छोटा चित्र 5सौ से 2 हजार रुपए तक जबकि बड़े की कीमत 15 से 20 हजार रुपए तक भी होती है।

इसी तरह राजस्थान से आए चेतन प्रकाश ने बताया कि वे हस्तशिल्प कागज का काम करते हैं, जो कि जयपुर की एक कला है। इसके लिए काटन का उपयोग करने वाले उद्योगों से बचे हुए काटन खरीदते हैं। उसकी छोटी-छोटी टुकड़े करते हैं, फिर उसकी लुग्दी बनाते हैं। इसके बाद दो लोग मिलकर एक लकड़ी के फ्रेम के जरिए औसत आकार का कागज बनाते हैं। इसके बाद इनसे कई तरह के उत्पाद बनाते हैं। इनमें डायरी, बाक्स, राइटिंग पेपर, पेन स्टैंड आदि शामिल हैं। ये उत्पाद पूरी तरह पर्यावरण मित्र होते है, चूंकि इसमें किसी भी तरह का कोई रसायन का उपयोग नहीं होता है।

वहीं दिल्ली से आए मोहम्मद शाहिद ने बताया कि वे लोहे के एक तार में मोतियों को पिरोते हैं। इसके लिए तार का दूसर छोर घर का अन्य सदस्य पकड़ता है। फिर तार को मोडकर लडियों से कुंडली बनाई जाती है। मोती वाली इन कुंडलियों को टेबल टाप का रूप दिया जाता है, जो देखने में बहुत सुंदर लगता है। वहीं लाख को गर्म करके पिघलने के बाद जमीन पर बिछाया जाता है। इसमें कांच के टुकड़े, चूड़ी के टुकड़े, बिंदी और कृतिम आभूषणों को लाख अच्छी तरह से चिपकार छोटे-छोटे टुकड़े काट लिए जाते है। इन टुकड़ों में रिफील पर लेपेट दिया जाता है, जिससे पेन, पेन स्टैंड, दीये आदि तैयार किए जाते हैं। इन सभी शिल्पियों का कहना है कि उनके उत्पादों को राजधानीवासियों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है।



### एक दौड़ जिन्दगी के नाम मैं दौड़े हजारों युवा



**भोपाल, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं सहारा साक्षरता एज्यूकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा मध निषेध सप्ताह के समापन पर सोमवार को एक दौड़ जिन्दगी के नाम का आयोजन किया गया। इसमें युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। इन्होंने नशा नहीं, जिन्दगी चुनो का नारा दिया और डीजे की धुन पर देशभक्ति, नशा मुक्ति के गीतों के साथ अपने विचार भी रखे।

# हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संस्कार विद्यालय में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा आयोजित राजभाषा हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इनमें प्रथम स्थान पर मोहिनी मेहरा, द्वितीय स्थान पर षिवानी राठौर एवं तृतीय स्थान पर सृष्टि मिश्रा रही।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुषील वासवानी ने खादी ग्रामोद्योग से जुड़े इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे विद्यालय में समय समय पर होते रहने चाहिए जिससे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन होता रहे। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा आगे इस तरह के कार्यक्रमों में अन्य विद्यार्थी भी अधिक रूचि से भाग लें एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग की हिन्दी अधिकारी श्रीमती सुनीता गौतम, वरिष्ठ अधिकारी अनील टिलवानी एवं मंजु रायकवार, ने विद्यालय से मिले सहयोग की प्रशंसा की। अंत में विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रचार्या श्रीमती मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या सुश्री मृदुला गौतम उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार संत हिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 258/अ-6/23-24 दिनांक 13/07/2023

ग्राम - निशातपुरा

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक श्री मुरारीलाल आ. स्व. श्री भागचंद तलरेजा निवासी- 109, संत कंवरराम नगर बैरसिया रोड भोपाल ने ग्राम निशातपुरा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 81/1 का अंशभाग रकबा 2040 वर्गफ्टि भूमि का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है गया है । प्रकरण न्यायालय में प्रचलित है ।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस इष्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति न्यायालय में पेश कर सकता है । समयावधि पष्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 30.07.2023 को पेशी नियत है ।

उक्त घोषणा दिनांक 13/07/2023 को न्यायालय द्वारा मेरे मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**संत हिरदाराम नगर बैरागढ़, भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार संत हिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 279/अ-6/23-24 दिनांक 06/07/2023

ग्राम - निशातपुरा

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक श्री दासरत तलरेजा आ. स्व. भगचंद तलरेजा निवासी- 109, संत कंवरराम नगर बैरसिया रोड भोपाल ने ग्राम निशातपुरा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 81/1 का अंशभाग रकबा 6662.50 वर्गफिट भूमि का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है गया है। प्रकरण न्यायालय में प्रचलित है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस इष्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 21.09.2023 को पेशी नियत है ।

उक्त घोषणा दिनांक 06.07.2023 को न्यायालय द्वारा मेरे मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**संत हिरदाराम नगर बैरागढ, भोपाल**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक / लो.नि.शा. / ई./ 4329-4330 बैतूल दिनांक 06/10/2023

**ई- टेन्डर आमंत्रण सूचना**

**( प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना )**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep / app पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | ऑन लाईन निविदा क्रं. | कार्य / सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_ UAD_ 316590_1 | SUPPLY AND FIXING PAVING BLOCKS GANDHI WARD BETUL | 1-80 Days 2-3502609/- | 1- 5000/- 2-36300/- | 08.11.2023 |
| 2 | 2023_ UAD_ 316591_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM MOHAMMD SAJZID HOUSE TO PARVEJ HOUSE IN MOTI WARD BETUL | 1-70 Days 2-1725913/- | 1-2000/- 2- 12900/- | 08.11.2023 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:// mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बैतूल**


# मालवी गायन और मलखम्भ की प्रस्तुतियों ने किया भाव विभोर

*__भोपाल, देशबन्धु।__ मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया गया। इसमें नंदराम बारिया एवं साथी द्वारा मालवी गायन और श्याम पाल एवं साथी सागर द्वारा मलखम्भ की प्रस्तुति दी गई। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।*

*कार्यक्रम की शुरूआत जिला मलखम्भ एसोयिएशन के श्याम पाल एवं साथी, सागर, मलखमभ की प्रस्तुति से हुई। इसमें पोल मलखम्भ की प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति के दौरान विभिन्न प्रकार के पिरामिड जैसे हैंड स्टंट, तलवार की सलामी, कमल का फूल, लम्बी पकड़, आदि प्रस्तुत किये गये। साथ ही इस प्रस्तुति में दो राष्ट्रीय खिलाड़ी क्रमशः जयदीप रैकवार, दिव्यांशु रजक एवं अन्य दस कलाकारों ने भी सहभागिता की।*

*कार्यक्रम अगले क्रम में नंदराम बारिया एवं साथी द्वारा मालवी गायन की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने नेक टेक से रिजे सखी..., माटी का खिलौना..., मन लागो मेरो यार फकीरी में...,मिठो लागो हो सहेलीया ...,कचरो छायो रे कर्मा पर...,कर्म करे सो सच्ची बात..., म्हारा नैनो में राम रंग समाई रयोरी..., जैसे कई गीतों की प्रस्तुति दी। मंच पर संगत कलाकारों में गायन में नंदराम बारिया, सह-गायन में अमृत डाबर, ढोलक पर भूरालाल बारिया, खंजरी पर सीताराम मखौड़, वायलिन पर अशोक खड़िया, मजीरा पर आशीष चावड़ा, रतन गामड़, नंदराम चारेल ने संगत की। इस गतिविधि का ऑनलाइन प्रसारण संस्कृति विभाग एवं जनजातीय संग्रहालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया गया।*



देशबन्धु

भोपाल, मंगलवार 10 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## बेहद अहम हैं ये विधानसभा चुनाव

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को जिन 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई है वे अनेक मायनों में महत्वपूर्ण हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विभिन्न चरणों में घोषित किये गये इन चुनावों को एक तरह से देश के सबसे बड़े सियासी टूर्नामेंट यानी लोकसभा चुनाव-2024 के सेमी फाइनल के रूप में देखा जा रहा है। दो बार केन्द्र में सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये अगला चुनाव तो चुनौतीपूर्ण माना ही जा रहा है, मौजूदा सियासी हालात में ये विधानसभा चुनाव भी उनके लिये कोई कम तकलीफदेह नहीं साबित होने जा रहे हैं।

पिछले दो लोकसभा चुनावों में बिखरे हुए विपक्ष का फायदा उठाते हुए भाजपा ने बड़ी जीतें दर्ज की थीं, लेकिन अब वैसी स्थिति नहीं रह गयी है। 28 दलों ने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) के नाम से जो संयुक्त प्रतिपक्ष बनाया है, उसका असर लोकसभा चुनावों में तो दिखेगा ही, विधानसभा चुनावों में कांग्रेस बढ़े हुए नैतिक बल के साथ पांचों प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरेगी क्योंकि उसी के नेतृत्व में यह गठबन्धन बना है। फिर, सभी राज्यों में वही मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। राजस्थान, छग, मप्र व मिजोरम में तो वह पहले से ही मुकाबले में थी, तेलंगाना में भी अब मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति एवं कांग्रेस के ही बीच का हो गया है। इस जगह पर पहले भाजपा थी पर अब उसकी स्थिति तीसरे नंबर पर बताई जा रही है। राजस्थान एवं छग में तो उसी की सरकारें हैं, मप्र में भी 2018 का चुनाव कांग्रेस ने जीता था लेकिन भाजपा ने दलबदल कराकर बहुमत का जुगाड़ कर लिया था और सूबे की सत्ता हथिया ली थी।

इन पांच राज्यों के चुनाव इसलिये भी बहुत महत्वपूर्ण हो गये हैं क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में जीत का रास्ता इसी पर से होकर खुलेगा। भाजपा की घबराहट इसलिये है क्योंकि वह पिछले दो विधानसभा चुनाव हार चुकी है- हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के। दोनों ही राज्य उसने कांग्रेस के हाथों गंवाए हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने ही पिछले यानी 2018 के चुनाव में जीत दर्ज की थी लेकिन कई राज्यों की तरह विरोधी दलों के विधायकों को येन केन प्रकारेण अपने खेमे में लाकर भाजपा ने यहां सरकार बना ली थी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट भी भाजपा ने उपचुनाव में इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी के आगे खोई है।

यह ऐसा चुनाव होने जा रहा है जिसमें सभी राज्यों में भाजपा की परेशानियों के अलग-अलग सबब हैं लेकिन प्रकारान्तर से जो कॉमन फैक्टर्स हैं, उनमें दो-तीन तो बड़े साफ हैं। पहला तो यह है कि मोदी का चेहरा किसी भी राज्य में अब खुद भाजपा के लिये स्वीकार्य नहीं रह गया है क्योंकि वे कर्नाटक एवं हिमाचल प्रदेश में इसकी दुर्गति देख चुके हैं। दूसरे, कम से कम मप्र, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में वह बेहद विभाजित दिख रही है और तीनों ही जगहों पर उसके पास 'मोदी नहीं तो कौन?' वाला मसला है। मध्यप्रदेश में मोदी की नाराजगी वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ इस कदर है कि अपनी पिछली तीन चुनावी सभाओं में उन्हें चौहान का नाम लेना तक गवारा नहीं हुआ और न ही उन्होंने सरकार के किसी काम या उपलब्धियों का ज़िक्र तक किया। साथ ही, भाजपा के 7 सांसदों को विधायकी का टिकट दिया गया है जिससे जनता में साफ संदेश गया है कि अगर पार्टी यहां जीत हासिल करती है, जिसकी सम्भावना न के बराबर बतलाई जाती है, तो सीएम पद के लिये और हारती है (जिसके पूरे-पूरे लक्षण हैं) और नेता प्रतिपक्ष के लिये सिर फुटौव्वल तय है। ऐसे ही, राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी हाशिये पर डाल दी गई हैं। जहां तक छत्तीसगढ़ की बात है, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह चुनाव तो लड़ रहे हैं लेकिन उन्हें अब तक सीएम का चेहरा घोषित नहीं किया गया है। यहां भी कुछ सांसद चुनाव लड़ रहे हैं। वैसे यहां भाजपा को काफी मेहनत की ज़रूरत है।

इन चुनावों में भाजपा के सामने मुद्दों का भी अभाव है। कर्नाटक में उसका पहले कई बार का आजमाया व सफल हुआ ध्रुवीकरण का दांव बेकार हो चुका है, जो उसके लिये चिंता की बात है। अपने करीब चार वर्षों के शासनकाल में उस राज्य में हिजाब से लेकर ऐन चुनाव के पहले तक बजरंगबली का खेल खेलने की कोशिश जरूर हुई परन्तु जनता ने उसे नकार दिया। इसके विपरीत कन्नड़ जनता ने कांग्रेस के सशक्तिकरण के रास्ते को पसंद किया। राजस्थान व छत्तीसगढ़ में जिस तरीके से जमीनी मुद्दों को सरकारों ने तरज़ीह दी है और लोगों का सशक्तिकरण किया है, वह सारा कुछ लोगों के ध्यान में आ रहा है। राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना की बहाली तथा सस्ते सिलेंडरों की सप्लाई से लेकर छग में न्याय योजनाओं की सफलता, किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर न्यूनतम समर्थन मूल्य आदि जैसे कदम भी लोगों को भा रहे हैं। उधर मप्र में प्रशासकीय असफलताओं से चौहान की दिक्कतें काफी बढ़ी हैं।

इन राज्यों में सीधा मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच होने से कांग्रेस को कर्नाटक व हिप्र की तरह का फायदा मिल सकता है। कुछ छोटे दल भी चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन लगता नहीं कि उनसे भाजपा को कोई फायदा मिल सकेगा क्योंकि अब मतदाता इस पर बहुत ध्यान नहीं दे रहे हैं। भाजपा व उसके समर्थकों की इसे अंतर्विरोध बतलाने की कोशिशें भी नाकाम हो रही हैं। वे जानते हैं कि इंडिया गठबन्धन लोकसभा के लिये है।

# अघोषित इमरजेंसी या घोषित चुनावी तानाशाही?

समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ मोदी सरकार के भीषण हमले ने एक बार फिर इस पर चर्चा तेज करा दी है कि क्या मौजूदा हालात को अघोषित इमरजेंसी कहना उपयुक्त नहीं होगा? जाहिर है कि इमरजेंसी में प्रेस का जिस तरह से दमन हुआ था और प्रेस पर सेंसरशिप थोप दी गई थी, उसकी याद प्रेस/मीडिया पर हरेक हमला ताजा करता ही है। और न्यूजक्लिक के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की भीषणता ने, स्वाभाविक रूप से इमरजेंसी की याद दिला दी है। याद रहे कि दिल्ली पुलिस के स्पेशल सैल द्वारा 3 अक्टूबर की छापामारी तथा जब्तियों के बाद दी गई जानकारी के अनुसार भी, 9 महिलाओं समेत कुल 46 लोगों के घरों तथा उनसे जुड़े परिसरों पर छापामारी की गई थी, जिनमें न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों के अलावा इतिहासकारों व स्टेंडअप कॉमेडियन से लेकर, वैज्ञानिक व सामाजिक कार्यकर्ता तक शामिल थे। पुरुषों को पूछताछ के लिए विशेष सेल के दफ्तर ले जाया गया, जबकि महिलाओं से उनके घरों पर ही पूछताछ की गई। लंबी पूछताछ के बाद, न्यूजक्लिक के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन कर्ताधर्ता, अमित चक्रवर्ती को आतंकवाद निरोधक कानून, यूएपीए के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि बाकी सभी लोगों को अगली पूछताछ के लिए तैयार रहने के निर्देश के साथ घर भेज दिया गया। सभी लोगों के फोन, लैपटॉप, डैस्कटॉप आदि, जांच के नाम पर शुरूआत में ही जब्त किए जा चुके थे।

अनुमानत: इस कार्रवाई की चपेट में आने वालों की संख्या सौ के करीब हो सकती है। मीडिया के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर ऐसी दमनकारी कार्रवाई इससे पहले कभी नहीं हुई होगी, न इमरजेंसी से पहले और न इमरजेंसी के बाद। वास्तव में इमरजेंसी के दौरान भी कम से कम ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। फिर भी, जैसे इस कार्रवाई की इमरजेंसी की भावना से समानता स्थापित करने के लिए ही, बड़े पैमाने पर कंप्यूटरों व हर प्रकार के रिकार्ड की जब्ती के बाद, समाचार पोर्टल के दफ्तर के दरवाजे पर, सरकारी मोहर के साथ, बड़ा सा ताला भी लटका दिया गया। यह दूसरी बात है कि इस ताले ने इस पूरी कार्रवाई की दुर्भावना और मनमानेपन को इतने तमाम कायदे-कानूनों को अंगूठा दिखाने वाले तरीके से सामने ला दिया था कि शासन को इस मामले में एक कदम पीछे हटना पड़ा और औपचारिक रूप से सीलबंदी की अपनी कार्रवाई को अगले ही दिन वापस लेना पड़ा।

बहरहाल, न्यूजक्लिक के खिलाफ हमले की अभूतपूर्व भीषणता के अलावा एक और चीज थी जो इस संदर्भ में इमरजेंसी की याद दिला रही थी और वह भी यूएपीए जैसे दमनकारी कानून के अंतर्गत, जो वर्षों तक बिना मुकद्दमा चलाए, आरोपियों को जेल में बंद रखने का शासन को मौका देने के लिए ही कुख्यात है। पोर्टल के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन प्रमुख, अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी। लेकिन, ये गिरफ्तारियां इमरजेंसी की याद सिर्फ इस दमनकारी कानून के इस्तेमाल के लिए भी नहीं दिला रही थीं। यहां इमरजेंसी के निजी अनुभव की भी वापसी हो रही थी। प्रबीर पुरकायस्थ को, जो तब जवाहरलाल विश्वविद्यालय के छात्र थे तथा छात्र आंदोलन में सक्रिय थे, कुख्यात मीसा के तहत करीब उन्नीस महीने इमरजेंसी में जेल में गुजारने पड़े थे। अब करीब अड़तालीस साल बाद उन्हें एक और वैसे ही दमनकारी कानून, यूएपीए के तहत लंबे समय के लिए जेल में ठूंसने की मोदी राज की तैयारी लगती है। मलयाली पत्रकार, सिद्दीक कप्पन के यूएपीए के अंतर्गत ही दो साल बिना कोई मामला चले जेल में बंद रखे जाने या भीमा कोरेगांव प्रकरण में पत्रकार गौतम नवलखा समेत, अनेक मानवाधिकार तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के करीब चार साल से जेल में बंद होने को देखते हुए, शासन की क्या नीयत है, इस संबंध में किसी शक की गुंजाइश नहीं हो सकती है। यह आज के हालात में इमरजेंसी के अनुभव को और भी प्रासंगिक बना देता है।

बहरहाल, बात सिर्फ हमले की भीषणता या इमरजेंसी जैसे अनुभव के दोहराए जाने भर की नहीं है। और यहां वर्तमान अनुभव का एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आ जाता है, जो इसे अघोषित इमरजेंसी के आगे, कहीं बहुत खतरनाक बना देता है। यह पहलू, जो इस कार्रवाई के लिए यूएपीए के सहारा लिए जाने में सामने आया, उस एफआईआर से और भी खुलकर सामने आ गया है, जिसके नाम पर यह भीषण कार्रवाई की गई है। इस एफआईआर के आरोपों और इसके पीछे कानूनी प्रक्रिया के प्रति शासन की अगंभीरता का अंदाजा तो एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि देश के कई शहरों में और सौ के करीब लोगों के खिलाफ, जिनमें सबसे बड़ी संख्या पत्रकारों की ही है, यह कार्रवाई शुरू करने और इसके आधार पर यूएपीए के अंतर्गत दो लोगों को गिरफ्तार करने के बावजूद, पुलिस एफआईआर को छुपाए ही रखना चाहती थी। पुरकायस्थ की याचिका पर, अदालत द्वारा बाकायदा आदेश दिए जाने के बाद, उनकी गिरफ्तारी के दूसरे दिन ही पुलिस को उन्हें एफआईआर दिखाना मंजूर हुआ, जबकि देश का कानून यह कहता है कि आरोपों की जानकारी दिए बिना, किसी के खिलाफ कार्रवाई की ही नहीं जा सकती है।

और आखिरकार, जो एफआईआर सामने आई है, उसे एक भोंडी कल्पना पर आधारित रहस्यकथा ही कहा जा सकता है, जिसमें बिना किसी तुक के आरोपों की माला बनाकर पेश कर दी गई है। इस कहानी के अनुसार, समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक भारतीय राष्ट्र-राज्य के खिलाफ विदेशी आतंकवादी षडयंत्र के हिस्से के तौर पर काम कर रहा था। लेकिन, यह पोर्टल ऐसा क्या काम कर रहा था, जो ऐसे षडयंत्र का हिस्सा था यानी उसने वास्तव में क्या अपराध किया था, इसका इस पूरी कहानी में कोई जिक्र ही नहीं है। अलबत्ता, इस कार्रवाई के क्रम में पुलिस की पूछताछ में प्राय: सभी लोगों से और खासतौर पर पत्रकारों से जो सवाल पूछे गए हैं, उनसे लगता है कि तीन मुद्दों की रिपोर्टिंग सरकार की निगाहों में खासतौर पर अपराध की श्रेणी में आती है—तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन, कोविड-19 महामारी के सामने सरकार के कदमों की सफलता-विफलताएं और 2020 के शुरू का दिल्ली का दंगा और उससे पहले से चल रहा नागरिकता कानून संशोधन/एनआरसी-विरोधी आंदोलन। जाहिर है कि आम तौर पर, मोदी सरकार की आलोचना ही गुनाह है, पर खासतौर पर इन तीनों मुद्दों पर आलोचना तो, आतंकवादी गुनाह है।



राजेंद्र शर्मा

**न्यूजक्लिक के खिलाफ हमले की अभूतपूर्व भीषणता के अलावा एक और चीज थी जो इस संदर्भ में इमरजेंसी की याद दिला रही थी और वह भी यूएपीए जैसे दमनकारी कानून के अंतर्गत, जो वर्षों तक बिना मुकद्दमा चलाए, आरोपियों को जेल में बंद रखने का शासन को मौका देने के लिए ही कुख्यात है। पोर्टल के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन प्रमुख, अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी।**

और उस पर यह आतंक मामूली आतंकवाद का नहीं, विदेश-संचालित आतंकवाद का मामला है। पुन: विदेश संचालितता के आरोप भी किसी तथ्य या साक्ष्यों के मोहताज नहीं हैं। ये आरोप, एक और आरोप से निकले हैं कि न्यूजक्लिक समाचार पोर्टल के रूप में अपना काम, नेविल रायसिंघम नाम के एक अमेरिकी उद्योगपति के इशारे पर कर रहा था। क्यों? क्योंकि उसमें इस उद्योगपति ने अपने कुछ करोड़ रुपए का निवेश किया था। लेकिन, डिजिटल मीडिया में विदेशी निवेश तो भारतीय कानून में वैध है और ऐसे निवेश से मीडिया के संपादकीय निर्णयों को प्रभावित होने से बचाने के लिए भी, कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। वास्तव में न्यूजक्लिक का शुरू से यही रुख रहा है कि उसने भारतीय कानून का पालन करते हुए निवेश हासिल किए हैं और भारतीय कानून का पूरी तरह से पालन करते हुए ही यह डिजिटल प्लेटफार्म अपनी पत्रकारिता का काम करता रहा है। किसी भारतीय कानून के उल्लंघन के कोई साक्ष्य भी नहीं हैं। वास्तव में 2021 से भारत सरकार की तीन-तीन एजेंसियां—आयकर विभाग, सीबीआई और एन्फार्समेंट डायरेक्टरेट—ठीक इन्हीं आरोपों की जांच करती रही हैं और कोई उल्लंघन साबित नहीं कर पाई हैं। यहां तक कि यूएपीए के तहत ताजा कार्रवाई से चंद रोज पहले ही, दिल्ली हाई कोर्ट ने एन्फार्समेंट डायरेक्टरेट के अपने आरोपों के पक्ष में साक्ष्य पेश नहीं कर पाने को देखते हुए, इस मामले में उसके प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ कोई दमनकारी कार्रवाई करने पर रोक ही लगा दी थी। वास्तव में इसके बाद ही, उन्हें बिना अदालती सुनवाई के लंबे समय तक सलाखों के पीछे रखने के लिए, अब एनआईए को लाया गया है और यूएपीए का दांव आजमाया गया है।

विदेश संचालित आतंकवाद का दावा, इस दावे पर आधारित है कि इस सबके पीछे चीनी आतंकवादी षडयंत्र है। यह दावा भी, इस एक और दावे पर आधारित है कि अमेरिकी नागरिक होते हुए भी, अमेरिकी उद्यमी रायसिंघम जो कि चीन में भी रहता है, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का सक्रिय सदस्य है और पार्टी का सक्रिय सदस्य है, इसलिए भारत के खिलाफ चीन के षडयंत्र का हिस्सा है। दिलचस्प है कि कथित टैरर फंडिंग के इस षडयंत्र में वीवो तथा शाओमी जैसी भीमकाय, टेलीकॉम उत्पादक कंपनियों को भी लपेट लिया गया है। लेकिन, यह सब कितना अगंभीर है, इसको प्रख्यात संपादक, सिद्धार्थ वरदराजन ने अपनी हाल की एक टिप्पणी में, कुछ छोटे-छोटे और बहुत ही सीधे-सरल सवालों से बेपर्दा कर दिया है। संक्षेप में उनका सवाल यह है कि अगर वाकई यह विदेश संचालित टेरर-फंडिंग नेटवर्क का मामला है, तो उस नेटवर्क के मुख्य संचालकों यानी चीनी सरकार, संबंधित चीनी कंपनियों से लेकर अमेरिकी नागरिक रायसिंघम तक के खिलाफ, मोदी सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? या फिर ये सब दावे सिर्फ मोदी सरकार के आलोचकों को दबाने की लाठी बनने के लिए ही हैं, उस के अलावा किसी तरह ध्यान देने के लिए नहीं।

यहीं हम मौजूदा हालात के अघोषित इमरजेंसी से आगे, इमरजेंसी से ज्यादा खतरनाक होने पर आ जाते हैं। इतिहासकार प्रो. ज्ञान प्रकाश, जिन्होंने इंदिरा गांधी की इमरजेंसी पर बहुत चर्चित किताब लिखी है, वर्तमान परिस्थिति के इस चरित्र पर जोर देते हुए, जिन दो विशेषताओं को रेखांकित करते हैं, उनमें पहली तो विरोधियों को कुचलने के लिए विदेशी टैरर फंडिंग नैटवर्क जैसे आरोप जड़ना ही है, जिन्हें जड़ना ही काफी है और साबित करने की कोई जरूरत नहीं है। और दूसरी विशेषता है, उपलब्ध कानूनी प्रक्रियाओं के दायरे से बाहर जाकर, किसी भी बहाने या साधन से अपने विरोधियों को कुचलना। जाहिर है कि इसके सामने इंदिरा गांधी की इमरजेंसी काफी मासूम दिखाई देती है। हैरानी की बात नहीं है कि देश भर में सिर्फ मीडिया से जुड़े लोग ही नहीं, आम तौर पर जनतंत्र की परवाह करने वाले नागरिक भी इस सच्चाई को समझ रहे हैं कि यह सिर्फ एक न्यूज पोर्टल को कुचलने की कोशिश का मामला नहीं है। यह मुख्यधारा के मीडिया के बड़े हिस्से को खरीदकर जेब में डालने के बाद, अब शासकों के मीडिया की बची-खुची स्वतंत्र आवाजों और खासतौर पर डिजिटल मीडिया में ऐसी आवाजों का गला दबाने की कोशिश का ही मामला है। और इस कोशिश की कामयाबी, जनतंत्र के लिए मौत की घंटी होगी। इसीलिए, इस हमले का सत्तापक्ष और उसके पालतू मीडिया को छोड़कर, देश और दुनिया भर से जैसा चौतरफा विरोध हो रहा है, वैसा इमरजेंसी में सेंसरशिप का नहीं हुआ होगा।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# तेलंगाना अभियान में पीएम मोदी बनाम राहुल गांधी की लड़ाई दिलचस्प

■ सुशील कुट्टी

दक्षिण' वैसा नहीं है जैसा 'उत्तर' है, और यह राजनीतिक अहसास उतना ही पुराना है जितना स्वतंत्र भारत। लेकिन, यह पहली बार था जब भारत के किसी प्रधानमंत्री ने 'दक्षिण' को यह याद दिलाने की जहमत उठाई कि वह 'उत्तर' की तुलना में स्थायी नुकसान में है। लोगों ने ऐसे दुखदायी और अपमानजनक वचन सुने, लेकिन तब कोई और नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से सुना, यह भी कि आगे क्या होने वाला है। प्रधानमंत्री तेलंगाना में एक रैली में मतदाताओं को सम्बोधित कर रहे थे, जहां हाल के हफ्तों में राहुल गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और यहां तक कि सोनिया गांधी तक राजनेता बड़े-बड़े बयान दे रहे हैं।

दरअसल, अनेक गूढ़ अर्थ भरे हुए बयान आये हैं। सबसे पहले, राहुल गांधी ने बिहार जाति जनगणना के मद्देनजर 'जितनी आबादी, उतना हक' की बात की। आइए, यह न भूलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कान 'जाति जनगणना' शब्द के प्रति बेहद संवेदनशील हैं, जिसे वह अपने दीर्घकालिक प्रतिद्वंद्वी नीतीश कुमार से जोड़ते हैं, जो 'जाति जनगणना' और इसके राष्ट्रीय स्तर से लेकर नीचे तक में होने वाले संभावित प्रभाव के कारण वापस राजनीतिक परिदृश्य में जोरदार ढंग से आ गये हैं।

बिहार जाति जनगणना के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने स्वयं के 'ब्रह्मास्त्र' की तलाश करने के लिए मजबूर होना पड़ा है और संभावना है कि उन्होंने इसे जनसंख्या के आधार पर परिसीमन में पाया है। परिसीमन 2026 में होना है और आदर्श रूप से इसे अभी के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए था, लेकिन मोदी इंतजार नहीं कर सकते थे क्योंकि हर गुजरता दिन उन्हें' राजनीतिक सफाये' के करीब ला रहा है और इसलिए आज के संकट को आज ही संबोधित करना होगा, कल तक नहीं छोड़ना होगा।

साथ ही, परिसीमन मुद्दे पर 'दक्षिण' पहले से ही आंदोलन के संकेत दे रहा है। डर यह था कि इससे संसद में दक्षिण का प्रतिनिधित्व भारी गिरावट के साथ समाप्त हो सकता है। मोदी ने इस स्पष्ट डर का सहारा लिया। उन्होंने तेलंगाना के निज़ामाबाद में रैली में कहा कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के बाद, दक्षिण को 'लोकसभा में 100सीटों तक का नुकसान होगा' क्योंकि अगर राहुल गांधी की 'जितनी आबादी, उतना हक' के फार्मूले को लागू करें तो दक्षिण का यही हक़ होगा।

ऐसी स्थिति क्या जनसंख्या नियंत्रण के मामले में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए दक्षिण भारत को दंडित करना नहीं होगा? विशेषकर वैसी स्थिति में जब उत्तर भारत जनसंख्या नियंत्रण के स्थान पर जनसंख्या तेज गति से बढ़ाता रहा। इस मामले में उत्तर प्रदेश और बिहार, यहां तक कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्य भी शामिल हैं। राहुल गांधी का नारा 'जितनी आबादी, उतना हक' मोदी के मुंह से निकला और निज़ामाबाद रैली में गूंज उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कब तक राष्ट्रीय जाति जनगणना की मांग को टाल पाएंगे? विपक्षी इंडिया गठबंधन इस मुद्दे को आसानी से छोड़ने वाला नहीं है।

'देश अब अगले परिसीमन के बारे में बात कर रहा है। इसका मतलब यह होगा कि जहां भी जनसंख्या कम है, वहां लोकसभा सीटें कम हो जायेंगी, और जहां जनसंख्या अधिक है, वहां लोकसभा सीटें बढ़ जायेंगी... दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, लेकिन कांग्रेस के अधिकारों के नये विचार के कारण उन्हें भारी नुकसान होगा। जनसंख्या के अनुपात में इसे लागू किया गया... तो दक्षिण भारत को 100 लोकसभा सीटों का नुकसान होगा... क्या दक्षिण भारत इसे स्वीकार करेगा? क्या दक्षिण भारत कांग्रेस को माफ करेगा? मैं कांग्रेस नेताओं से कहना चाहता हूं कि वे देश को मूर्ख न बनायें।' यह स्पष्ट करें कि वे यह खेल क्यों खेल रहे हैं, प्रधानमंत्री ने कबूतरों के बीच बिल्ली का खेल खेलते हुए कहा।

यह अकारण नहीं है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'बहुत, बहुत बुद्धिमान व्यक्ति' कहते हैं। मोदी ने गेंद राहुल गांधी के पाले में डाल दी और इस बात पर स्पष्टता की मांग की कि क्या भारत-गठबंधन दक्षिण भारत के साथ है या उसके खिलाफ है, उन्होंने कहा कि 'जितनी आबादी, उतना हक' हर संभव तरीके से दक्षिण भारत को उत्तर भारत के सामने बौना बना देगा। यह आग से खेलने जैसा है लेकिन भारत पर उत्तर की पकड़ पूरी तरह से है और उस बिंदु पर हिसाब-किताब करना समय की मांग है और अपरिहार्य भी।

**उत्तर वह जगह है जहां भाजपा चुनावी रूप से मजबूत है और दक्षिण ने मोदी की तथाकथित हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा को बार-बार खारिज किया है। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से भाजपा को फायदा होगा लेकिन प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भाजपा उनके जीवनकाल में ही दक्षिण में अपना नाम दर्ज करा ले। परिसीमन से कांग्रेस को कम लोकसभा सीटें मिलेंगी।**

इस मुद्दे को उठाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। उत्तर वह जगह है जहां भाजपा चुनावी रूप से मजबूत है और दक्षिण ने मोदी की तथाकथित हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा को बार-बार खारिज किया है। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से भाजपा को फायदा होगा लेकिन प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भाजपा उनके जीवनकाल में ही दक्षिण में अपना नाम दर्ज करा ले। परिसीमन से कांग्रेस को कम लोकसभा सीटें मिलेंगी, लेकिन मोदी 'दक्षिण' के लिए बोलते हैं क्योंकि वह चाहते हैं कि 'दक्षिण' भाजपा के अनुकूल प्रतिक्रिया दे।

अब, यह कांग्रेस पर निर्भर है कि वह अपने दक्षिणी गढ़ में कम लोकसभा सीटों और भाजपा को उत्तर भारत के गढ़ में लोकसभा सीटों की भारी वृद्धि के बीच किसी एक को चुनने का निर्णय ले, जो जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के कारण हो सकता है। हालांकि, यह तर्क दिया जा सकता है कि 'उत्तर में भाजपा है और दक्षिण में कांग्रेस है', पर वास्तव में पूरी बात को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और प्रधानमंत्री केवल आधे-अधूरे होकर बहुत चतुर होने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह इंडिया गठबंधन में एकता से आतंकित हैं। गठबंधन द्वारा और अधिक राज्यों में जाति जनगणना कराये जाने की संभावना है और भाजपा की खुद की सत्ता-विरोधी लहर उनकी तीसरी बारी की संभावनाओं को कम कर रही है। किसी भी स्थिति में, परिसीमन 2024 में लोकसभा चुनाव के काफी समय बाद 2026 में होगा।

## पावन प्रसंग

### मानसिक स्वास्थ्य

सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है, विशेषकर कोविड महामारी के बाद जब पूरे विश्व का जीवन घर की चहारदीवारी में सिमट कर रह गया था तब जहां यह एक दूसरे से जुड़ने का माध्यम बना, पढ़ाई से लेकर घटनाओं से जुड़े रहने में सहायक रहा, विषम समय में मनोरंजन का साधन बना, लेकिन वहीं इसका अत्यधिक उपयोग आज कई तरह के नकारात्मक प्रभावों के साथ सभी के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया की चकाचौंध से प्रभावित 25 प्रतिशत लोग स्वीकार करते हैं कि सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

कोविड महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित लोगों की सन् 2021 की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में 88 फीसदी व्यक्तियों ने सीधे तौर पर यह स्वीकार किया था कि सोशल मीडिया खुशी एवं आत्मछवि पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, जबकि कुछ लोगों ने इसके कारण चिंता, अकेलेपन और अवसाद की बात स्वीकारी थी। अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, नार्वे में हुए क्रॉस-नेशनल ऑनलाइन सर्वेक्षण के दौरान पाया गया था कि कोरोना महामारी के दौरान अकेलेपन को कम करने व मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया के उपयोग का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। सोशल मीडिया से उत्पन्न प्रमुख विकार फोमो अर्थात फीयर ऑफ मिसिंग आउट माना जा रहा है। जब कोई सोशल मीडिया में दूसरों को अपने से बेहतर पाता है, तो उसे लगता है कि जीवन में कुछ कमी है। आपसी तुलना होने लगती है।

जिन व्यक्तियों के कमी फालोअर होते हैं, वे अवसाद में चले जाते हैं तथा खाने की समस्या से पीड़ित हो जाते हैं। इसके साथ उनका आत्मसम्मान प्रभावित होता है, उद्विग्नता का भाव जाग्रत होता है और अपने खाली स्थान को भरने के लिए सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग की ओर प्रेरित होते हैं। इसका एक अन्य कारण रहता है- डोपामाइन नाम के जैविक रसायन का स्राव। जब अपनी पसंद की चीजें या व्यवहार सोशल मीडिया पर उपलब्ध होता है, तो डोपामाइन स्रावित होता है, जो तात्कालिक संतुष्टि की अनुभूति देता है, जो उस पर वापस जाने के लिए उकसाता है। इसके वशीभूत सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हुए, इसे खंगालते हुए व्यक्ति इतना मगन हो जाता है कि उसे समय का भान नहीं रहता। इस दौरान तन-मन पर पड़ रहे इसके नकारात्मक प्रभाव के प्रति भी सचेष्ट नहीं रह पाता, जो बाद में अपना सर उठाते हैं। इसके परिणामस्वरूप स्क्रीन टाइम बढ़ने से नेत्रों से लेकर मन-मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। आंखों में आंसू आने लगते हैं, कुछ की तो नजर तक कमजोर हो जाती है व आंखों में सूखेपन की समस्या प्रारंभ हो जाती है।

ऐसे में अस्त-व्यस्त दिनचर्या, दैनिक कार्यों में लेट-लतीफी के साथ मन उचटा-उचटा सा रहता है और किसी काम में मन एकाग्र नहीं हो पाता। स्मरणशक्ति क्षीण हो जाती है। सोशल मीडिया की लत का शिकार व्यक्ति आभासी दुनिया में जीने लगता है और वास्तविकता से उसका नाता कटने लगता है। जीवन के खालीपन को भरने के लिए जिस सोशल मीडिया का सहारा लिया जाता है, वह प्रारंभ में एक बैसाखी का काम करता है, 53 फीसदी लोगों ने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया का उपयोग कम करने से मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ। इसके साथ मोबाइल के बाहर मनोरंजन के और स्वस्थ तौर-तरीके खोजे जा सकते हैं।

परिवार, दोस्तों व शुभचिंतकों के साथ अधिक समय बिताएं। इन उपायों के साथ सोशल मीडिया से जुड़े नकारात्मक प्रभाव काफी हद तक सीमित हो जाएंगे व इसका श्रेष्ठतम उपयोग बन पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य एवं संतुलन सधने लगेगा, कार्यक्षमता बढ़ेगी और जीवन अधिक सुखी, सफल व संतुष्टि लिए होगा।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### ईरान की बहादुर महिला नर्गिस मोहम्मदी को सलाम

नर्गिस मोहम्मदी को इस वर्ष के नोबल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह सम्मान ईरान में महिलाओं के शोषण के विरूद्ध और उनके मानवाधिकारों के लिए सतत संघर्ष के लिए दिया जा रहा है। यहां यह स्मरणीय है कि ईरान में महिलाओं का एक सशक्त आंदोलन तब प्रारंभ हुआ जब वहां की एक 22 वर्षीय युवती की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। इस महिला को ईरान की तथाकथित धार्मिक पुलिस गाईडेंस पेट्रोल द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

इस घटना के बाद ईरान की महिलाओं ने एक शक्तिशाली आंदोलन प्रारंभ किया। इस आंदोलन को कुचलने के प्रयास में बहुत से लोग मारे गए। मरने वालों में 44 नाबालिग भी थे। बीस हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए।

पुरस्कार की घोषणा करते हुए इस बात का उल्लेख किया गया कि ईरान की धार्मिक सरकार द्वारा किस तरह देश में ऐसे लोगों के विरूद्ध भारी दमन चक्र चलाया जा रहा है जो सरकार की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध सतत अभियान चला रहे थे। इस संघर्ष में नर्गिस ने पूरी हिम्मत के साथ भाग लिया था।

51 वर्षीय नर्गिस उन 137 व्यक्तियों में से एक हैं जिन्हें शांति स्थापित करने और शोषण के विरूद्ध संघर्ष के लिए यह उच्चतम पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार सन् 1901 में स्थापित किया गया था। अब तक यह पुरस्कार नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा सहित कई महान हस्तियों को प्रदान किया जा चुका है। नर्गिस शांति पुरस्कार पाने वाली 19वीं महिला हैं और ईरान की दूसरी। ईरान की जिस दूसरी महिला को यह पुरस्कार प्रदान किया गया उनका नाम शीरीन एबादी हैं जिन्हें सन् 2003 में यह पुरस्कार मिला था।

मोहम्मदी कई वर्षों से महिलाओं पर होने वाली ज्यादतियों के विरूद्ध संघर्षरत हैं। वे इस समय 10 साल की सजा भुगत रही हैं। उन्हें ईरान की सरकार के विरूद्ध लगातार प्रचार करने के आरोप में सजा दी गई है। उनके तीन दशक लंबे संघर्ष के कारण ईरान में शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के हित के कई सुधार हुए हैं। लेकिन इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी है। उन्हें अपनी आजादी, इंजीनियरिंग का अपना प्रोफेशन और अपना परिवार- बहुत कुछ खोना पड़ा है। उनके पति, जो उनके संघर्ष में उनके सहयोगी रहे, और उनकी जो जुड़वां बेटियों को उनकी विचारधारा के चलते फ्रांस में निर्वासित जीवन बिताना पड़ रहा है। वे पिछले आठ वर्षों से अपने परिवार से नहीं मिलीं हैं।

उनके बेटे अली रहमानी कहते हैं कि उन्हें अपनी मां पर गर्व है। यह पुरस्कार सिर्फ मां के त्याग और बहादुरी का सम्मान नहीं है बल्कि यह पूरे ईरान की महिलाओं का सम्मान है। मोहम्मदी अब तक 13 बार गिरफ्तार की जा चुकी हैं और पांच बार सजा भुगत चुकी हैं। उन्हें कुल मिलाकर अब तक 31 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त उन्हें 154 कोड़ों की सजा भी दी गई है। जेल में रहते हुए भी वे ईरान और दुनिया की समस्याओं पर अपने क्रांतिकारी विचार व्यक्त करती रहती हैं। वे जेल से ही कई अभियान चलाती रहतीं हैं।

नोबल पुरस्कार मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान मुझमें और जोश भरेगा भले ही मुझे पूरा जीवन जेल के सींखचों के पीछे बिताना पड़े। मैं ताजिंदगी लोकतांत्रिक अधिकारों, आजादी और समानता के लिए लड़ती रहूंगी। यह पुरस्कार मुझे और ज्यादा दृढ़ प्रतिज्ञ और आशावादी बनाएगा। मेरे संघर्ष को दी गई यह मान्यता ईरान के नागरिकों के बदलाव के लिए जारी संघर्ष को और तीव्र, मजबूत और संगठित बनाएगी। मुझे पूरा विश्वास है कि अंतत: हमारी जीत होगी।

**एल.एस. हरदेनिया**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मार्सल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों ने इंदौर में जीते मैडल



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** पेंसिक सिलट चैंपियनशिप, इन्दौर में आयोजित की गई थी। द फाइटिंग आफ़ मार्सल आर्ट अकादमी के फाइटरो ने इन्दौर में मैडल जीत करनगर का नाम रोशन किया। अकादमी कोच कृष्णगोपाल जोगी ने बताया की 6 से 8 अक्टूबर में चल रहें पेंसिक सिलट टूर्नामेंट में 5 बच्चो ने भाग लिए थे जिसमें सिम्मी गोड सिल्वर आम्रपाली बघेल ब्रौंज मैडल जीता द फाइटिंग आफ़ मार्सल आर्ट अकादमी की रीति भावसार, लक्ष्मी दांगी, सुहानी सैनी, टाप 10 रेंक हसील की वह अपने गंज बासौदा और विदिशा जिले क़ा नाम रोशन किया अकादमी मुख्य कोच कृष्णा गोपाल जोगी और प्रतीक्षा शर्मा ने पेंसिक सिलट चैंपियनशिप में कोच और रेफरी को भूमिका निभाई।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव शुरू



**भैरूंदा/नसरूलागंज, देशबन्धु।** अग्रवाल समाज भेरूंदा द्वारा सात दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी क्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल एवं अध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल शशि कैलाश अग्रवाल द्वारा 9 अक्टूबर दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। 10 व 11 अक्टूबर को बालक बालिकाओं के कार्यक्रम होंगे युवाओं के खेल कार्यक्रम 12 और 13 अक्टूबर को रखे गए है, वही बड़ी बालिका और महिलाओं के कार्यक्रम 12 और 13 अक्टूबर को रखे गए हैं। विशेष आकर्षण 14 अक्टूबर को भाव श्रीखाटू श्याम भजन संध्या संकीर्तन का कार्यक्रम भी रखा गया है। 15 अक्टूबर चल समारोह निकाला जाएगा।

### लिया गौ सेवा का संकल्प

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** विश्व पशु कल्याण दिवस पर गौ सेवा का संकल्प लायंस क्लब द्वारा लिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगल, लालू महाराज ने कई जानकारी दी। लायंस क्लब की अध्यक्ष लायन मनीषा गोयल, लायन चंद्रकांत दीक्षित ,लायन निक्की गर्ग ,आर्ची गोयल, महेश गोयल ने त्योंदा रोड स्थित गौशाला में गोग्रास, गुड़ ,घास,छापड़, दलिया इत्यादि लालू महाराज को सौपकर उनकी सेवा से प्रभावित होकर यथा संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। लायन मनीषा गोयल एवं चंद्रकांता दीक्षित ने भी यहां के काम की सराहना की।

जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में हुई स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

# राजनीतिक दलों को दी निर्वाचन कार्यक्रम और आचार संहिता की जानकारी



**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री दुबे ने बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा निर्वाचन-2023 कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-223 की घोषणा अनुसार विधानसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी तथा अभ्यर्थी 2 नवम्बर तक नामांकन वापस ले सकेंगे। विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान 17 नवम्बर को होगा तथा मतगणना 03 दिसम्बर (रविवार) को की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि विधानसभा निर्वाचन-2023 कार्यक्रम जारी होने के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। जिसके दृष्टिगत जिले में धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किए गए हैं। उन्होंने निर्वाचन प्रचार के दौरान अभ्यर्थियों, राजनैतिक पार्टियों आदि के द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले विविध साधनों, माध्यमों तथा खर्च आदि के लिए निर्धारित सीमाओं, अनुमतियों एवं व्यय आदि के लिए आदर्श आचार सहिंता एवं अन्य अधिनियमों में वर्णित प्रावधानों तथा उनके उल्लंघन पर की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी तथा एमसीएमसी कमेटी का गठन किया जा चुका है, जो निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदर्श आचार संहिता, सभाओं एवं वाहनों की अनुमति, प्रकाशकों एवं मुद्रकों के लिए निर्देश, संपत्ति विरूपण अधिनियम सहित आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दिव्यांग मतदाताओं के लिए रहेगी विशेष सुविधा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित कर विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के बारे में अगवत कराया गया। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी तथा एमसीएमसी कमेटी का गठन किया जा चुका है, जो निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाता बिना किसी व्यवधान के अपना मतदान कर सके, इसके लिए विशेष सुविधा की गई है।

संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन

# 12 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें राज्य स्तर पर 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ। उक्त प्रतियोगिता में राजगढ़, विदिशा, भोपाल, रायसेन, बैतूल, नर्मदापुरम और सीहोर जिलों की 27 बालिकाओं एवं 31 बालकों ने भाग लिया। राज्य स्तर पर चयनित गर्ल्स टीम में भोपाल से लिसका देशवाली, भूमिका बेनीवाल, दीपांशी सिंह चौहान एवं राजगढ़ से पायल मेवाड़े, निधि शर्मा एवं सीहोर से पायल चयनित हुईं। वहीं बॉयस टीम में संयम आर्य, वेदांत भारद्वाज एवं बैतूल से नितिन विश्वास, ब्रोजन सिकदर एवं रायसेन से बृजेश कुशवाह, अंकित राय चयनित हुए। 6 राउंड में हुए रोचक मुकाबले में ऑवरऑल चैंपियनशिप में बालिका वर्ग में भोपाल टीम विजेता और राजगढ़ टीम उप विजेता रहीं। वहीं बालक वर्ग में भोपाल टीम विजेता और उप विजेता रायसेन टीम रही। उल्लेख है कि चयनित खिलाड़ियों की टीम आगामी 13 से 14 अक्टूबर तक ग्वालियर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय एवं भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगीं। दो दिवसीय आयोजन में अतिथि के रूप में एजीएस के प्राचार्य डॉ मणिमोहन मेहता, पर्यवेक्षक डॉ अजय हजारी विदिशा, चयन समिति सदस्या डॉ ग्रेस सिंह भोपाल, अंतर्राष्ट्रीय शतरंज फेडरेशन फिडे के अंपायर अंकुर सिंह ठाकुर सागर, पूर्व क्रीड़ाधिकारी प्रहलाद सिंह ठाकुर, महाविद्यालय प्राचार्य आर आर द्विवेदी, सहकार भारती के राष्ट्रीय संयोजक गजेंद्र गौतम, बासौदा शिक्षा समिति सदस्य रविंद्र जैन,उपप्राचार्य डॉ पीयूष दुबे,खेल अधिकारी अभिषेक सिंह एसजीएस मौजूद रहे।

## जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील

**सिरोंज, देशबन्धु।** निर्वाचन की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर निर्वाचन कार्यक्रम और जिले में की गई चुनाव तैयारी की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने निर्वाचन अवधि के दौरान सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंधों पर तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस वर्ष अस्सी प्रतिशत से अधिक मतदाता अपने मतो का प्रयोग करें लक्ष्य तय किया गया है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए प्रतिबंधों पर से अवगत कराया साथ ही किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरे का प्रकाशन न करने को कहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी शशि मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर विष्णु प्रसाद यादव, अवनीश मिश्रा, राजेश गुप्ता के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रवेश मार्गों पर लगेंगी स्ट्रीट लाइटें



- विधायक शर्मा ने रखी विकास कार्यों की अधारशिला

**सिरोंज, देशबन्धु।** सोमवार को आचार संहित लगने के पहले विधायक उमाकांत शर्मा ने शहर के विभिन्न हिस्सों के करीब साढ़े सात करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन शिलान्यास किया। इसमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना के चौथे चरण में करीब 5 करोड़ की लागत से भोपाल रोड स्थित जल संयंत्र से तहसील मार्ग,मंडी मार्ग,बलेजा पेट्रोल पंप से छत्री चौराहा होते हुए शासकीय एलबीएस कॉलेज के आंगे कुरवाई चौराहे तथा पंचकुइयां घाट से उत्कृष्ट सड़क होते हुए काशी घाट तक की मार्गो को रोशन करने वाली डिजाइनर ओकटागोनल स्ट्रीट लाइट का काम शामिल है। गंगेश्वर जमनेश्वर महादेव मंदिर के निकट शीतला माता मंदिर के प्रधान पुजारी नलिनीकांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव,पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग,हरिबाबू भार्गव, नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ आदि उपस्थित रहे।

## निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वीप प्लान के तहत जिले भर के 2100 से ज्यादा शासकीय और अशासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने शहर, गांव और वार्डो में रैली निकालकर नागरिकों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। जिला मुख्यालय रायसेन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शास.कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल सहित अन्य शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने हाथों में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखी हुई तख्तियां लेकर रैली निकाली गई।

## भाजपा से उमाकान्त शर्मा को टिकट मिलने की खुशी में कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डु और मिठाई

**सिरोंज, देशबन्धु।** सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर भाजपा ने उमाकान्त शर्मा को टिकट दिया है। यह खबर लगते ही कार्यकर्ताओं ने विधायक निवास पहुंचकर लड्डु एवं मिठाई का वितरण किया और शर्मा का स्वागत किया। इस मौके पर केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते उमाकान्त शर्मा ने कहा कि यह भाजपा के एक एक सच्चे कार्यकर्ता का सम्मान है। पार्टी संगठन ने एक बार फिर मुझे प्रत्याशी बनाकर सभी का मान बढ़ाया है। कार्यकर्ताओं के स्वागत के उपरांत वह अपने समर्थकों के साथ मंदिरों में दर्शनों के लिये पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं, नागरिकों और गणेश की अथाई पर रहने वाले परिवारों ने जोरदार स्वागत किया।



# खंडवा से अवैध हथियारों का जखीरा लेकर जिले में खपाने आए 2 आरोपी गिरफ्तार

- 6 पिस्टल एवं 14 कट्टे सहित कारतूस बरामद

**मुरैना, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए अपराधिक गतिविधियां रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत कोतवाली पुलिस ने रविवार की रात्रि दो बदमाशों को अवैध हथियार के जखीरा के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

गैंग में शामिल दो अन्य आरोपियों की भी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने सोमवार को बताया कि सुनील खेमरिया थाना प्रभारी कोतवाली को मुखविर से सूचना मिली कि खंडवा की ओर से कुछ बदमाश अवैध हथियारों की सप्लाई करने मोटरसाइकिल से अम्बाह - पोरसा की ओर जाने वाले हैं। उक्त सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के निर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आमपुरा रोड व्ही.आइ.पी. तिराहा पर वाहन चैकिग लगायी गई एवं 02 पुलिस के जवानों को सिविल ड्रेस मे टोल टैक्स मुरैना से आगे भेजा गया। जैसे ही तस्कर बाइक से उक्त स्थान पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की 06 पिस्टल, 315 बोर के 14 देशी कट्टे, 32 बोर के 04 जिन्दा राउण्ड, 315 बोर के 06 जिन्दा राउण्ड, व 01 मोटर साइकिल होण्डा साइन को जप्त किया गया तथा आरोपीगण के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पकड़े गये आरोपियों में रमजा का पुरा जौरा निवासी रविंद्र कुशवाहा एवं गजेंद्र कुशवाहा हैं तथा उनके दो साथियों के नाम भी पुलिस को ज्ञात हुए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस द्वारा आरोपियों के न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड मांगा गया है, ताकि हथियार तस्करी के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सके।

### 40 से 50 हजार में बिकती है पिस्टल

पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले आरोपी 20 हजार रूपये में खरगौन से खरीदकर मुरैना क्षेत्र में दुगने से तिगुने दाम यानि 40 से 50 हजार रुपए में बेचते हैं। इसी प्रकार 315 बोर का देशी कट्टा 3 से 4 हजार में खरीदकर 6 से 7 हजार में बेचा जाता है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, 2 घायल

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत एबी रोड काका ढाबा के सामने एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सिविल लाइन से जानकारी चाही गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयपुर दिमनी थाना क्षेत्र निवासी रामसहाय पुत्र रतन आदिवासी 42 वर्ष अपने समधी जालिम सिंह एवं समधिन सुनीता को बाइक पर लेकर एबी रोड काका ढाबा के सामने से सोमवार की दोपहर गुजर रहा था, तभी अज्ञात बहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे रामसहाय की घटना स्थल पर मौत हो गई, वहीं साथ में बैठे दोनों लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक व्यक्ति का पीएम कराकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद
# सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक / 2441/2023 सिरोंज दिनांक 06.10.2023

## ई-टेंडर आमंत्रण सूचना

नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रू. | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2023_UAD_316084 | कायाकल्प अभियान 2.0 अंतर्गत निकाय में विभिन्न स्थानो पर सी रोड रिनुबल कोट एवं नाली निर्माण कार्य | 16368201/- | 82000/- | 125000/- | 06 माह |

शर्त - टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्रा किया जावेगा ।

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी http://www.mptenders.gov.in एवं नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के लो.नि.वि. शाखा से प्राप्त कर सकते हैं ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद
सिरोंज

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### 7 दिवसीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 10 से

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत बैतूल द्वारा सात दिवसीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन गेंदा चौक सदर बाजार बैतूल में 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनी में खादी वस्त्र, हैण्डूलम एवं ग्रामोद्योग उत्पादों का विक्रय किया जाएगा। सात दिवसीय प्रदर्शनी में सूती, कुर्ता, शर्ट, उनी जैकेट, कम्बल, चादर, रेशमी साडियां पेली कुर्ता, शर्ट आदि पर 20 से 10 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसके अलावा ग्रामोद्योग उत्पाद मसाले, अचार, पापड़, हर्बल सौन्दर्य उत्पाद, शहद एवं सरसों तेल एवं स्वच्छता सामग्री पर भी 20 से 10 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।

### बोरदेही पुलिस की कार्रवाई, 2 ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ 2 को पकड़ा

**मुलताई, देशबन्धु।** बोरदेही पुलिस द्वारा अवैध रूप से रेत चोरी कर परिवहन करने के मामले में बड़ी कार्यवाही की गई है। इस संबंध में बोरदेही पुलिस द्वारा प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी गई की रविवार थाना बोरदेही अंतर्गत कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप चोरी से रेत उत्खनन कर परिवहन करने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सरविंद धुर्वे एवं पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर कर दबिश दी गई। जहां ग्राम माथनी के पास में रोड पर एवं ग्राम छिंदी के पास रोड पर 02 ट्रैक्टर ट्रॉली मिली, जिनसे पूछताछ करने पर उनके पास रेत के सम्बंध में कोई कागजात होना नही पाया गया। जिससे उक्त ट्रेक्टर ट्रॉली को जप्त कर ट्रेक्टर चालक दीपक पिता लक्ष्मीनारायण डोंगरे निवासी (झीलढाना) दुनावा थाना मुलताई एवम् मोहित पिता सुरेश पवार निवासी दुनावा के विरुद्ध पृथक पृथक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उक्त उल्लेखनीय कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक सरविंद धुर्वे , उप निरी. ओपी यादव , एएसआई विवेक मेहरा, आरक्षक 312 बिसन , 72 रोहन की भूमिका महत्वपूर्ण रही । बोरदेही पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनो ट्रेक्टर, ट्राली थाना परिसर बोरदेही में खड़ी कर मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### धोखाधड़ी की पुलिस में शिकायत

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में फर्नीचर बनाने वाले दो भाई विकास पिता रमेश विश्वकर्मा एवं बबलू पिता रमेश विश्वकर्मा ने कुछ महीने पहले काम शुरू किया और धीरे-धीरे नगर के प्रमुख व्यापारियों के घर का फर्नीचर बनाने का काम ले लिया। कम दाम में उच्च गुणवत्ता का फर्नीचर बनाने का लालच देकर एडवांस में रुपए लेकर चंपत हो गए और तो और इनके द्वारा जिन कारीगरों से कार्य करवाया जा रहा था उनकी मजदूरी भी नहीं दी ,साथ ही कुछ डिब्बे वाले जो इनको खाना पहुंचते थे उनका भी पैसा इनके द्वारा नहीं दिया गया । अपने साथ धोखा थोड़ी होने की बात समझ में आते ही नगर कि व्यापारियों सहित तीन लोगों ने नगर के थाने में प्राथमिक की आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राथमिक आवेदन देने वाले अमन पिता मुकेश भार्गव द्वारा बताया गया कि विकास के द्वारा एग्रीमेंट किया था जिसके तहत 5 प्रतिशत के रूप में 1 लाख 23 हजार रुपए और उसके बाद फरवरी में भाई की शादी का बोलकर 50 हजार ऐसे कल के कुल 2 लाख 98 हजार रुपए लेकर फरार हो गया ।

विधानसभा चुनाव की घोषणा होते सक्रिय हुआ प्रशासनिक अमला

# हटाए झंडे, बैनर, पोस्टर, एसएसटी चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



**मुलताई, देशबन्धु।** सोमवार आगामी विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता पूरे प्रदेश में लागू कर दी गई। इसी के साथ मुलताई क्षेत्र में भी प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम तृप्ति पटैरिया के निर्देश पर नगर पालिका सीएमओ राजकुमार इवनाती, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार अनामिका सिंह, नायब तहसीलदार भगवानदास कुमरे, थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा द्वारा नपा, राजस्व और पुलिस अमले के साथ शहर में सरकारी भवनों, खंबो आदि जगहों पर लगे झंडा, बैनर, पोस्टर आदि को हटाया गया। वही बैतूल परासिया पर बने एसएसटी चेक पोस्ट का भी अधिकारियों द्वारा पहुंचकर निरीक्षण किया गया और एसएसटी चेक पोस्ट पर कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई। जिन्हें सतर्क रहने की हिदायत भी दी गई। नगर पालिका सीएमओ राजकुमार इवनाती ने बताया कि संपत्ति विरूपण की कार्यवाही के तहत नगर में विभिन्न स्थानों पर सरकारी संपत्तियों, भवन, बिजली के खंभों आदि जगहों पर लगे राजनीतिक दलों के झंडे, बेनर, पोस्टर आदि को हटाने की कार्रवाई की गई है। अगले 24 घंटे के अंदर शहर में लगे सभी बैनर पोस्टर को हटा दिया जाएगा। विभिन्न भवनों पर लगे शिलालेखों से भी जनप्रतिनिधियों के नाम हटाने की कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार अनामिका सिंह ने बताया कि राजनीतिक दलों के भवन एवं निजी इमारतों पर लगे वेनर, झंडे, बोर्ड के संबंध में अगले 72 घंटो में सहमति संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना होंगा। मुलताई छिंदवाड़ा रोड पर स्थित बैतूल परासिया पर बनाए गए एसएसटी चेक पोस्ट का एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। चेक पोस्ट पर कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई और उन्हें सतर्क रहने की हिदायत भी दी गई।

### आदर्श आचार संहिता लगते ही बैनर पोस्टर उतारने में जुटा प्रशासन



**सारनी, देशबन्धु।** सोमवार को दोपहर के बाद जैसे ही आदर्श आचार संहिता लगने की घोषणा हुई वैसे ही प्रशासन अलर्ट हो गया। नगर पालिका के 36 वार्डों में पार्टियों के झंडे बैनर पोस्ट को उतारने का काम शुरू कर दिया गया। घोड़ाडोगरी तहसीलदार महिमा मिश्रा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लगते ही सारनी पुलिस मुख्य नगर पालिका अधिकारी नायब तहसीलदार को साथ में लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए झंडे बैनर पोस्टर उतारने का कार्य शुरू कर दिया। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई के साथ पालन कराया जाएगा।

## बैतूल में वंदे भारत ट्रेन का स्टापेज, पहले दिन तिलक लगाकर किया स्वागत



**बैतूल, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने वंदे भारत एक्सप्रेस जो इंदौर से भोपाल चलती थी उसे नागपुर तक कर दिया है। इसके साथ ही बैतूल में भी स्टापेज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों शिखर सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को शहर के जितेंद्र बंटी पेसवानी, बबलू खुराना, पवन वर्मा ने ज्ञापन देकर इंदौर से नागपुर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करने की मांग की थी। समाजसेवियों की इस मांग पर रेल मंत्री ने उन्हें ठोस आश्वासन दिया था कि वंदे भारत ट्रेन को इंदौर से नागपुर के लिए चलाया जाएगा। इसी के आधार पर बैतूल में वंदे भारत का स्टापेज पहले दिन ही शुरू हो गया है। इस अवसर पर समाजसेवियों ने ट्रेन का तिलक लगाकर बैतूल में स्वागत किया। जितेंद्र पेसवानी ने बताया कि अब बैतूल से इंदौर के लिए प्रतिदिन ट्रेन की सुविधा मिल गई है। वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 6.10 बजे इंदौर से चलेगी और लगभग दोपहर 12बजे बैतूल पहुंचेगी। इसके अलावा नागपुर से 15.20 बजे चलकर बैतूल लगभग 5 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन रात में 11.45 मिनट पर इंदौर पहुंचेगी। वंदे भारत के बैतूल स्टापेज से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। समाजसेवियों ने रेल मंत्री के साथ ही वंदे भारत ट्रेन के स्टॉपेज के लिए पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल एवं सांसद दुर्गादास उइके का आभार व्यक्त किया है।

## आमला से विधायक पंडाग्रे को फिर भाजपा ने घोषित किया प्रत्याशी



**सारनी, देशबन्धु।** बैतूल जिले में पांच विधानसभा क्षेत्र है। पांच विधानसभा में से तीन विधानसभा में प्रत्याशियों की घोषणा पूर्व में की जा चुकी थी। लेकिन आमला विधानसभा क्षेत्र से डॉ योगेश पंडाग्रे का नाम सूची में नहीं था जिसकी वजह से तरह-तरह के अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन भाजपा से सोमवार को जारी 57 उम्मीदवारों की सूची में विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे का नाम आने के बाद सब साफ हो गया। आमला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे को दूसरी बार क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया गया है। उनके प्रत्याशी घोषित होने की आमला विधानसभा क्षेत्र के लोगों को जानकारी लगने के बाद बड़ी संख्या में उन्हें बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। पंडाग्रे का आमला क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत किया गया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने किया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**मुलताई, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय मुलताई में शासन के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने गाँव में घर घर जाकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया एवं मतदान करने की शपथ दिलायी। साथ ही लोगों को मतदान का महत्व बताया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर वर्षा खुराना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर एल एल राउत एवं डॉक्टर सविता बघेल सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ़ उपस्थित रहा।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा-आदर्श आचार संहिता का पालन करें राजनीतिक दल



**बैतूल, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आदर्श आचार संहिता के पालन पर चर्चा की। मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा घोषित आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात कलेक्टर बैंस द्वारा सोमवार को कलेक्टर सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि जिन दलों के बीएलओ की नियुक्ति नहीं हो सकी है अथवा होना शेष है, उनकी तुरंत नियुक्ति करें। किसी भी छोटी सी गलती के कारण आवेदन निरस्त नहीं होना चाहिए।

बैठक में राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि व प्रवक्ता उपस्थित हुए। इनमें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, प्रतिनिधि कैलाश धोटे, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा, हेमंत वागद्रे, प्रवक्ता महेन्द्र बाद्य, प्रतिनिधि हेमंत पगारिया, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष जीआर पटेल, प्रतिनिधि नागले, कम्यूनिटी पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) सचिव श्री प्रकाश शर्मा, आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष श्री शैलेस कुमार वाईकर, नेशनल पीपुल्स पार्टी के जिला अध्यक्ष शामिल थे। जनप्रतिनिधियों के साथ एडीएम जयप्रकाश सैय्याम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद भी उपस्थित थे। सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन की सुविधा प्रदान की गई है। जिसमें निर्वाचन संहिता के उल्लंघन की जानकारी नागरिकों द्वारा सीधे दी जा सकती है। शिकायत कर्ता अपने घर में बैठकर शिकायत दर्ज करा सकते है। वोटर हेल्प लाईन मोबाईल ऐप मतदाता पंजीयन, स्थानांतरण एवं त्रुटि सुधार के लिए आवेदन की सुविधा प्रदान करवाई है। सक्षम एप के द्वारा दिव्यांग मतदाता मतदान की सुविधाओं को प्राप्त कर सकेगा। इसी प्रकार केवायसी एप के द्वारा अभ्यर्थियों के आपराधिक वृत्त की जानकारी प्राप्त कर सकता है। जबकि केंडिडेट एप अभ्यर्थियों को ऑनलाईन नामांकन दर्ज करने एवं अनुमति प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है।

## कॉलेज में कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित



**मुलताई, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के अन्तर्गत सोमवार वित्तातीय साक्षरता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। शासकीय महाविद्यालय मुलताई में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर वर्षा खुराना द्वारा की गई एवं प्राचार्य द्वारा डिमैट अकाउंट, बचत खाता एवं सेबी से संबंधित जानकारी साझा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नागपुर से आए हुए मुंबई स्टॉक मार्केट के प्रतिनिधि राहुल खरवड़े द्वारा विस्तार पूर्वक शेयर मार्केट संबधी जानकारी दी गई। जिसमें डिमैट अकाउंट, सेबी शेयर मार्केट, निफ़्टी संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अगर अगले दिन शेयर का भाव गिरेगा या बढ़ेगा इसका तकनीकी विश्लेषण किस प्रकार किया जाता है, शेयर के चार्ट पेटर्न, मूविंग एवरेज, सपोर्ट, रजिस्टेंस और अलग-अलग इंडीगेट का इस्तेमाल करके शेयर का बढ़ने या घटने का अनुमान लगाया जा सकता है। स्टॉक मार्केट या इक्वलिटी मार्केट मुख्य रूप से स्टॉक इक्विटीज, एक्सचेंज फंड, कॉरपोरेट बॉन्ड की ट्रेडिंग के लिए जाना जाता है और स्टॉक मार्केट में अन्य फाइनेंशियल सिक्योरिटीज, स्टॉक कमोडिटीज और बॉन्ड पर आधारित डेरिवेटिव्स की ट्रेनिंग होती है। कैरियर गाइडेंस सेल के प्रभारी डॉक्टर पंकज झाड़े ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में डॉक्टर एल एल राउत, डॉक्टर सविता बघेल, प्रोफेसर प्रकाश गीते, डॉक्टर टीम एम नागवंशी, प्रोफेसर उमेश सलवंशी, डॉक्टर ममता राजपूत, प्रोफेसर दिलीप धाकड़े तथा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर पहुंचकर कलेक्ट्रेट दर पर वेतनमान देने की मांग की है। अल्प वेतन की समस्या से जूझ रहे इन कर्मचारियों ने कलेक्टर से कहा कि आज की इस महंगाई के दौर में महज 3 हजार के अल्प वेतन में घर चलाना काफी कठिन हो रहा है। उन्होंने सरकार पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है।

ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम पंचायत में कार्यरत भ्रत्य, चौकीदार एवं सफाई कर्मचारी शामिल थे। इन कर्मचारियों का कहना है कि वे शासन के अभिन्न अंग है। अपना काम पूरी ईमानदारी से करने के बावजूद उनकी ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अपनी पांच सूत्रीय मांगों में उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में भृत्य, चौकीदार एवं सफाई कर्मचारी की नियुक्ती की गई थी। नियुक्ति दिनॉक से आज तक भृत्य, चौकीदार एवं सफाई कर्मचारी को वेतन 3 हजार रू प्रतिमाह की दर से दिया जाता है जो कि आज कि स्थिति में खर्च चलाने में काफी कम है।

कर्मचारियों ने बताया कि भृत्य, चौकीदार एवं सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित रहते है, जिससे वे अन्य कार्य भी नहीं कर पाते है। अल्प वेतन से अपनी जीविका को चलाने में असमर्थ है। इसलिए वेतन को कलेक्टर दर पर किया जाए जिससे परिवार व अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान कर सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से राजू लहरपूरे हिड़लीअरुण विश्वकर्मा गोधना, हेमराज लिखितकर आमला, अनिल यादव चूड़िया, रामसिंह धुर्वे मोरू ढाना, शंकर सरेयाम बोथी, राजेश धुर्वे सातकुंड, विक्की बेले गारगुड, प्रशांत रसोल पांढुर्णापूनम बारस्कर वडाली, पंढरी वागद्रे गुनखेड़, मारुति खामला, कैलाश सांगी, धनराज धुर्वे बोरपानी, संतोष बेलकुंड, नीरज धुर्वे टेमनी, निखिल बारस्कर झल्लार आदि मौजूद रहे।

## नेत्र शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सौ से अधिक मरीज चिन्हित



**मुलताई, देशबन्धु।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा और युवा साहू समाज सेवा संगठन के तत्वावधान में नगर के सरकारी अस्पताल में सोमवार को वृद्धजनों के लिए मोतियाबिंद जांच,और ऑपरेशन शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी जगमोहन खंडेलवाल, अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा के राष्टीय उपाध्यक्ष प्रहलाद साहू , राष्टीय मंत्री गोपाल साहू राष्टीय मंत्री, राष्टीय प्रचार मंत्री महेश नायक , प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी हिमांशु धोटे, नगेंद्र साहू, अरुण साहू ने संस्था संस्थापक स्वर्गीय डॉ.जगन्नाथ साहू के छायाचित्र पर मालार्पण कर किया। शुभारंभ अवसर पर प्रहलाद साहू ने कहा कि दीन दुखी लोगों की सेवा करना ही सच्ची मानव सेवा है। आने वाले समय में मुलताई में बड़े स्तर पर चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। महेश नायक ने कहा कि आज समाज को ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो बातें कम और काम ज्यादा करता हो। समाजसेवी जगमोहन खंडेलवाल ने कहा कि संगठन के द्वारा जो सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है वह सराहनीय है। प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी हिमांशु धोटे ने बताया शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के 204 नेत्र रोग पीड़ितों का पंजीयन हुआ। पाढर अस्पताल से आए नेत्र चिकित्सको ने जांच उपरांत 103 मोतियाबिंद पीड़ित बुजुर्गों का ऑपरेशन के लिए चयन किया सभी चयनित मोतियाबिंद पीड़ित के ऑपरेशन पाढ़र अस्पताल में किए जाएंगे। शिविर में हेमराज बनकर ,गजनी साहू, राजेश साहू ,पवन साहू, सोनू साहू, अरुण साहू ,उमेश साहू, जुगल साहू, नगेंद्र साहू सहित सरकारी अस्पताल के स्टाफ ने व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया।

सांडिया के पास मोड़ पर पलटा एफएसआई का माल ले जा रहा ट्रक

# नगरकोट के पास ट्रक ने मारी टक्कर, एक घायल



**मुलताई, देशबन्धु।** सोमवार सुबह मुलताई क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं सामने आई। दोनों सड़क दुर्घटनाओं में मात्र एक व्यक्ति के घायल होने की जानकारी मिली है। प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार सुबह बैतूल की ओर से नागपुर की ओर जा रहे एक ट्रक ने अपने आगे चल रहे एक ट्रक को टक्कर मार दी। जिसके चलते ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सुभाष भैयाजी उम्र 55 वर्ष निवासी आष्टा को मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहां से उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बैतूल जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में उसका पैर फैक्चर होने की जानकारी डॉक्टर द्वारा दी गई। वहीं दूसरी घटना मुलताई मासोद रोड पर सांडिया के पास सामने आई जहां पर एफसीआई का माल ले जा रहा एक ट्रक मोड पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं मिली है। लेकिन ट्रक पलटने से ट्रक में भरा माल सड़क किनारे बिखर गया था। जिसे दूसरा ट्रक बुलाकर शिफ्ट किया गया।

## ढाबा संचालक युवक का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



**मुलताई, देशबन्धु।** नेशनल हाइवे 47 पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास स्थित पवन ढाबा के संचालक युवक ने रविवार रात्री ढाबा स्थल पर ही फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसका शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है, जिससे युवक परेशान चल रहा था। इस मामले में पुलिस ने सोमवार मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। एसआई एस मांडवी ने बताया कि पवन पिता मदन पंवार (32वर्ष ) निवासी सुभाष वार्ड मुलताई का शव फोरलेन स्थित अपने ढाबे के टीन शेड में रविवार रात्री फांसी के फंदे पर लटका था। जब मृतक का बड़ा भाई उसे ढूंढते हुए पहुंचा तो देखा की शव फांसी के फंदे पर झूल रहा है। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक के भाई विनोद पवार ने बताया कि उसका भाई विवाहित था, तथा विगत कई दिनों से पारिवारिक विवादों के चलते तनाव में था, जिसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठाया। इधर पुलिस द्वारा सरकारी अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवा कर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### निर्वाचन के लिए प्रशासन द्वारा की गई तैयारी के बारे में आयोजित हुई पत्रकार वार्ता

# दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को घर में ही मिलेगी मतदान की सुविधा



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में सोमवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निर्वाचन शेड्यूल एवं निर्वाचन के लिए प्रशासन द्वारा की गई तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है। आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए नोटिफिकेशन 21 अक्टूबर शनिवार को जारी किया जाएगा। जिसके साथ ही 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय के निर्धारित स्थान पर प्राप्त किए जाएंगे। 31 अक्टूबर तक प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया जाएगा। अभ्यर्थी 2 नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। 17 नवंबर शुक्रवार को जिले में मतदान किया जाएगा। मतगणना 3 दिसंबर रविवार के दिन की जाएगी इसके लिए संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम को मतगणना केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया हैं।

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पश्चात् जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 940069 हैं। जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 486657 , महिला मतदाताओं की संख्या 453377 एवं 35 अन्य मतदाता है। 18 से 19 वर्ष आयु के नवीन मतदाताओं की संख्या 43603 हैं,जिनमें 23797 पुरुष एवं 19806 महिला शामिल हैं। जिले में 80 प्लस आयु के मतदाताओं की संख्या 10905 है जिनमें 4440 पुरुष एवं 6465 महिलाएं शामिल है। मतदाता सूची का लिंगानुपात 931.62 है एवं ईपी रेशों 66.72 हैं। जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8988 है जिनमें 5733 पुरुष एवं 3255 महिला शामिल हैं। वहीं सर्विस वोटर की संख्या 1894 हैं। दिव्यांग और 80 प्लस आयु के मतदाताओं को उनके घर में ही निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके लिए उन्हें 5 दिन पूर्व 12 डी आवेदन करना होगा।

**जिले में 1187 मतदान केंद्रों पर किया जाएगा मतदान :** जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1187 है जिनमें सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत 318 , होशंगाबाद विधानसभा में 238, सोहागपुर विधानसभा में 314 एवं पिपरिया विधानसभा में 317 मतदान केंद्र शामिल हैं। आचार संहिता लागू होने के साथ प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिए गए हैं। सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित कर दिए गए है। लायसेंस धारकों से उनके शस्त्र निकटतम पुलिस थाने में जमा कराने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। अंतर्जिला मार्गो पर 13 स्थानों पर नाकाबंदी की गई है। जिले में 6 स्थैतिक निगरानी दल बनाये गये है। जिले की सीमा पर चैक पोस्ट स्थापित कर स्थैतिक निगरानी दल तैनात किये गये है। जिनके माध्यम से इन मार्गो पर होने वाले आवागमन पर नजर रखी जायेगी। जो अवैध शराब, 50 हजार से अधिक कैश, उपयोगी वस्तुएं आदि की निगरानी की जाएगी। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत पहले 24 घंटे में सभी शासकीय कार्यालयों, 48 घंटे में सभी सार्वजनिक स्थानों एवं 72 घंटे में सभी निजी स्थानों पर जहां बिना अनुमति के प्रचार सामग्री लगाई गई है वहां संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जाएगी।

**12 दस्तावेजों के आधार पर होगी मतदाताओं की पहचान :** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये आयोग ने जो 12 दस्तावेज, मतदाताओं की पहचान के लिये वैध माने है, उनमें आधार कार्ड, मनरेगा का जॉब कार्ड, बैंक या पोस्ट ऑफिस की फोटो युक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा संबंधी स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, पेनकार्ड, भारत का पासपोर्ट, पेंशन का फोटोयुक्त दस्तावेज, शासकीय कर्मचारियों के लिये उनके संस्थान द्वारा जारी फोटोयुक्त परिचय पत्र, दिव्यांगों के लिये यूडीआईडी कार्ड तथा सांसद व विधायकों के लिये जारी परिचय पत्र।

**जिले का सबसे दूर एवं दुर्गम मतदान केन्द्र हैं नांदिया :** सतपुड़ा पर्वत पर स्थित चौरागढ़ महादेव पर्वत के पीछे स्थित नर्मदापुरम जिला मुख्यालय से 165 किमी की दूरी पर मतदान केन्द्र नांदिया विधानसभा क्षेत्र क्रं 139 पिपरिया में स्थित हैं। नांदिया मतदान केन्द्र अंतर्गत नांदिया, सूपडोगर एवं विनोरा ग्राम के मतदाता मतदान करने आते हैं। यह शतप्रतिशत जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र हैं। इस मतदान केन्द्र में वर्ष 2018 विधानसभा निर्वाचन में 86.27 प्रतिशत एवं वर्ष 2019 लोकसभा निर्वाचन में 87.37 प्रतिशत मतदान हुआ पुरूषों की तुलना में महिला मतदान का प्रतिशत अधिक रहा। वर्तमान में नांदिया मतदान केन्द्र क्षेत्र में 671 मतदाता पुरूष 347 तथा महिला 324 हैं। जेंडर रेशो 933.72 है। दुर्गम क्षेत्र होने के कारण इस मतदान केन्द्र के लिए विशेष रूप से मतदान दल को पृथक वाहन से भेजा जाता हैं। जिला प्रशासन द्वारा नदिया मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी।

## जनसुनवाई आगामी आदेश तक स्थगित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार आयोजित होने वाला जनसुनवाई कार्यक्रम आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है। जन सामान्य की सुविधा की दृष्टिगत जनसुनवाई शाखा में एक बॉक्स रखा जाएगा जिसमें आवेदक अपना आवेदन दे सकेंगे।

# अल्ट्रासाउंड कराने के नाम पर दलाली करने वाला पकड़ाया



**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज कराने आए एक व्यक्ति ने दलाली कर रहे युवक को पकड़ लिया और पुलिस बुला ली। काफी हंगामे के बाद आखिरकार पुलिस ने दलाल युवक से मरीज के पैसे वापिस कराए, तब जाकर मामला शांत हुआ। बताया गया है कि यह दलाल युवक पिछले तीन-चार दिनों से अस्पताल आ रहा था। संभावना है कि युवक की अस्पताल के स्टाफ से सांठ-गांठ है जिसके चलते वह मरीजों से दलाली कर रहा था। हालांकि यह जांच का विषय है और अस्पताल प्रबंधन इस मामले की बारीकी से जांच कर रहा है।

जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम महाराजगंज निवासी रामसेवक रजक ने बताया कि उसकी तबियत खराब थी और वह अपने भाई के साथ इलाज कराने जिला अस्पताल आया था।

चिकित्सकों ने उसे अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बोला था, जिसके लिए वह और उसका भाई परेशान हो रहे थे। इसी बीच एक युवक ने रामसेवक से कहा कि अगर वह 500 रुपए देगा तो उनका अल्ट्रासाउंड हो जाएगा। बातों में उलझाकर उक्त युवक ने रामसेवक से 500 रुपए ले लिए लेकिन उसके बाद भी काफी समय तक जब उसका अल्ट्रासाउंड नहीं हुआ तो रामसेवक ने उक्त युवक को पकड़ लिया और हंगामा शुरू कर दिया। इतना ही नहीं मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को भी दी गई जिस पर कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंच गए। करीब आधे घंटे तक अस्पताल के अंदर और बाहर हंगामा चलता रहा।

अंत में पुलिस ने युवक से रामसेवक के 500 रुपए वापिस कराए। चूंकि पकड़े गए युवक के साथ उसकी गर्भवती पत्नी थी इसलिए पुलिस ने उसे पत्नी को घर छोडने् के बाद कोतवाली आने के लिए कहा। पकड़े गए युवक का नाम राहुल अनुरागी बताया गया है, जो कि छतरपुर का ही रहने वाला है।

## प्रद्युम्न सिंह पर भाजपा ने फिर जताया विश्वास



**छतरपुर, देशबन्धु।** देश के पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के कुछ ही घंटों बाद सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश की 57 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। इस सूची में जिले की बड़ामलहरा विधानसभा के लिए भाजपा ने यहां के वर्तमान विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी पर विश्वास जताया है। इससे पहले भाजपा जिले के छतरपुर विधानसभा से ललिता यादव, महाराजपुर विधानसभा से कामाख्या प्रताप सिंह और राजनगर विधानसभा से अरविंद पटैरिया को मैदान में उतार चुकी है।

बड़ामलहरा सीट पर नाम फाइनल होने के बाद अब जिले की आरक्षित सीट चंदला और बिजावर विधानसभा सीट पर नामों की घोषणा शेष रह गई है। उल्लेखनीय है कि प्रद्युम्न सिंह लोधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस की टिकिट पर बड़ामलहरा से चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी।

इसके 18 महीने पर जब सरकार में उठा-पटक हुई तो वे कांग्रेस छोडक़र भाजपा में शामिल हो गए थे और इसी सीट पर उन्होंने भाजपा की टिकिट पर उपचुनाव लडक़र जीता था। अब एक बार फिर इस सीट के लिए भाजपा ने उनके नाम पर मुहर लगाई है।

## राजनगर एसडीएम बने प्रखर सिंह, विशा माधवानी नौगांव एसडीएम बनीं

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. द्वारा अधिकारियों के बीच नए सिरे से कार्यविभाजन एवं पदस्थापना की गई है। कलेक्टर श्री जी.आर. के आदेशानुसार प्रखर सिंह (आईएएस) को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनगर पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर सुश्री विशा माधवानी को नौगांव एसडीएम, बलबीर रमण एसडीएम छतरपुर, राकेश शुक्ला एसडीएम लवकुशनगर, देवेन्द्र चौधरी एसडीएम गौरीहार, विजय कुमार द्विवेदी एसडीएम बिजावर, प्रशांत अग्रवाल एसडीएम बड़ामलहरा, गोपाल शरण पटेल प्रभारी अधिकारी नजूल शाखा, रामनिवास चौधरी प्रभारी अधिकारी को राजस्व संबंधी शाखाएं सौंपी गईं है। जिन आधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिए गए हैं।

## जन्म शताब्दी पर आयोजित हुआ परसाई स्मरण कार्यक्रम



**छतरपुर, देशबन्धु।** हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई छतरपुर और इप्टा के संयुक्त तत्वावधान में हरिशंकर परसाई जी की जन्म शताब्दी वर्ष पर परसाई स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्दलाल सिंह, दमोह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र चंद्रकांत राय, जबलपुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी प्रसाद श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई, छतरपुर की अध्यक्ष प्रो अमिता अरजरिया, सचिव श्री रविशंकर पाठक, प्रो बहादुर सिंह परमार तथा इप्टा से श्री शिवेंद्र शुक्ला एवं श्री नीरज खरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ आमंत्रित अतिथियों के पुष्प मालाओं तथा शब्द सुमनों से स्वागत के साथ हुआ। हिन्दी साहित्य सम्मेलन की अध्यक्ष श्रीमती अमिता अरजरिया ने स्वागत भाषण दिया। श्री स्वामी प्रसाद श्रीवास्तव के बुंदेली नाटक संग्रह रैंन की पुतरिया का विमोचन हुआ। श्री नंदकिशोर पटेल ने इस नाटक संग्रह की समीक्षा प्रस्तुत की। इप्टा के बाल कलाकारों ने सुमधुर आवाज में हरिओम राजोरिया के दो जनगीत गाकर खूब तालियां बटोरी।

श्री राजेन्द्र चंद्रकांत राय की पुस्तक काल के कपाल पर हस्ताक्षर की समीक्षा प्रो बहादुर सिंह परमार ने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि काल के कपाल पर हस्ताक्षर के लेखक राजेन्द्र चंद्रकांत राय आज उपस्थित हैं, यह हमारे लिए गौरव कु बात है। जिन्होंने इस पुस्तक में हरिशंकर परसाई की जीवनी को औपन्यासिक स्वरुप में बड़ी ही प्रभावक शैली में लिखा है। उनके तमाम जीवन संघर्षों और उस दौर की तमाम सच्चाइयों को बड़े ही खूबसूरत अंदाज में लिखकर उपन्यास को बहुत पठनीय बना दिया है।

मुख्य अतिथि राजेन्द्र चन्द्रकांत राय ने कहा कि छतरपुर में परसाई के पढ़ने व चाहने वाले हैं इतनी लोकप्रियता परसाई को जानने और समझने मैंने कहीं नहीं देखी। यह पुस्तक लेखक की सफलता थी या हरिशंकर परसाई की। इसका उत्तर यहां देखने मिला। जहां परसाई के जीवनी लेखक को लोगों ने हाथों हाथ लिया।

इस दौरान श्री राय ने परसाई के मार्गदर्शन में हुए छात्र आंदोलन का ज़िक्र किया तो सभी उपस्थित जन लहालोट हो गए। उन्होंने बहुत ही गहराई में जाकर उनके उन मसलों का भी उल्लेख किया जिनसे उन्होंने जीवन जीने और समाज को प्रगतिशील होने की नसीहतें दीं। छतरपुर विश्वविद्यालय के चार छात्रों दयाशंकर अहिरवार, आशीष मिश्रा, माधव यादव आदि ने हरिशंकर परसाई पर अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणियां दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नंदलाल सिंह ने कहा कि परसाई स्मरण आयोजन महत्वपूर्ण है। परसाई दुनियां के एकमात्र ऐसे लेखक हैं जो समाज पर प्रहार करने के साथ-साथ अपने आप पर भरपूर प्रहार करते हैं। कार्यक्रम में रैन की पुतरिया के लेखक स्वामी प्रसाद श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में शहर से बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन परसाई के व्यंग्य बाणों को रेखांकित करते हुए बड़े ही ज्ञानवर्धक और प्रभावी अंदाज में नीरज खरे ने किया।

गांधी स्मारक निधि की सचिव दमयंती पाणि, कथाकार आभा श्रीवास्तव, हिंदी प्राध्यापक डॉ पुष्पा दुबे, कवि सुरेन्द्र शर्मा सुमन, पत्रकार सुरेन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुमति प्रकाश जैन, डॉ आर बी पटेल, मीना मिश्रा, एन डी पाठक, स्मिता जैन आदि उपस्थित रहे। हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई, छतरपुर के सचिव श्री रविशंकर पाठक ने उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## साइकिल रेस में अनुभव अग्रवाल अव्वल



**छतरपुर, देशबन्धु।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आज सुबह 6 बजे फोर लाइन पर आयोजित 8 किमी की साइकिल रेस प्रतियोगिता में अनुभव अग्रवाल ने प्रथम स्थान हासिल कर विजेता का खिताब जीत लिया।

प्रतियोगिता के संयोजक महेंद्र अग्रवाल, रवि अग्रवाल (शिवानी), सुनील अग्रवाल कर्री, आनंद अग्रवाल गोलू, संकेत अग्रवाल के नेतृत्व में साइकिल रेस हुई। समाजसेवी भगवतशरण अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में झंडी दिखाकर प्रतियोगियों को रवाना किया। 4 किमी जाना व 4 किमी आना कुल 8 किमी की साइकिल रेस प्रतियोगिता का स्थान परिवर्तन कर ट्रैफिक रोककर फोर लाइन पर कराई गई। इस साइकिल रेस में रविन्द्र अग्रवाल के पुत्र अनुभव अग्रवाल सबसे आगे रहकर पहले स्थान के हकदार बने। अंशुल अग्रवाल पुत्र अजय अग्रवाल द्वितीय, सात्विक अग्रवाल पुत्र बद्री अग्रवाल तृतीय और श्रेयांश अग्रवाल पुत्र प्रमोद अग्रवाल चौथे स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद संत आशाराम बापू आश्रम में योग वेदांत सेवा समिति द्वारा विजयी प्रतियोगियों को सात्विक उपहार देकर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित सभी समाजजनों को दिव्य प्रेरणा प्रकाश पुस्तक भेंट की गई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी समाजजनों का नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल व नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम शानू ने आभार व्यक्त किया।

### आचार संहिता लागू होते ही हरकत में आया प्रशासन

# 101 लोगों को किया जिला बदर



*छतरपुर, देशबन्धु। सोमवार को केन्द्रीय चुनाव आयोग की पत्रकारवार्ता के साथ ही देश के 5 राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। मप्र में 17 नवंबर को विधानसभा के चुनाव होंगे। चुनाव के पहले प्रदेश भर में आदर्श आचरण संहिता लागू कर दी गई है। प्रदेश में चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने भी कमान संभाल ली है।आचरण संहिता लागू होते ही जिले में इसका असर भी दिखने लगा है। कलेक्टर-एसपी ने पत्रकारवार्ता के माध्यम से आचरण संहिता के नियम जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही शासकीय भवनों और दीवारों पर लगाई गई प्रचार सामग्री को हटाया जाने लगा है। पुलिस ने भी सडक़ पर उतरकर वाहनों की जांच शुरू कर दी है। इधर आचार संहिता लागू होने के पहले दिन ही कलेक्टर ने जिले के 100 से ज्यादा लोगों को जिला बदर भी कर दिया है।*

***जिले के विभिन्न थाना अंतर्गत एक साथ 101 अपराधियों पर हुई जिला बदर की कार्यवाही :*** *जिला दंडाधिकारी छतरपुर संदीप जी.आर. ने विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए छतरपुर जिले विभिन्न थाना अंतर्गत 101 आदतन अपराधियों पर एक साथ सोमवार को जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला दंडाधिकारी श्री जी.आर. द्वारा यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के प्रतिवेदन पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 तथा लोक व्यवस्था अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही की गई है। जिले के थाना कोतवाली अंतर्गत 12, थाना सिविल लाइन 16, ओरछा रोड थाना 07, ईशानगर 02, मतगुवां, 02, बिजावर 02, सटई 02, गुलगंज 06, पिपट 01, बकस्वाहा 05, बाजना 02, राजनगर 08, खजुराहो 01, बमीठा 03, बड़ामलहरा 01, भगवां 01, बमनौरा 01, नौगांव 05, गढ़ीमलहरा 03, महाराजपुर 03, हरपालपुर 01, लवकुशनगर 04, प्रकाश बम्हौरी 01, बंशिया 01, चंदला 05, जुझारनगर 02, गोयरा 01 सहित गौरिहार थाना अंतर्गत 03 अपराधियों पर 6 माह के लिए जिला बदर की कार्यवाही की गई है।*

## पुलिस एवं प्रशासन ने संयुक्त रूप से निकाला फ्लैग मार्च



*नौगांव, देशबन्धु। आदर्श आचार संहिता लागू होने पर महाराजपुर विधानसभा निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम विशा माधवानी के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासन ने विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकालते हुए आचार संहिता का पालन करने, पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने सहित शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।*

*सोमवार दोपहर के समय निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान कर दिया है।विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने, विधानसभा चुनाव निष्पक्ष कराने के उद्देश्य के साथ प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी के मद्देनजर आचार संहिता लागू होते ही महाराजपुर विधानसभा की निर्वाचन अधिकारी एवं नौगांव एसडीएम विशा माधवानी के नेतृत्व में तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी, एसडीओपी चंचलेश मरकाम, नौगांव पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, जनपद पंचायत सीईओ भागीरथ प्रशाद तिवारी सहित अनेक प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने फ्लैग मार्च निकाला।*

## पोस्टर वैनर व दीवार पर लिखे प्रचार-प्रसार को मिटाया



**घुवारा, देशबन्धु।** विधान सभा चुनाव की तारीको की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो गई। आचार संहिता लागू होते ही स्थानीय प्रशासन हरकत मे दिखाई देने लगा है तो वही प्रशानिक अधिकारियो द्वारा अपने दल बल के साथ फ्लैग मार्च निकाल कर जनता को आचार संहिता का पालन करने की अपील की है।

आपको बताते कि मध्यप्रदेश मे विधान सभा चुनाव को लेकर 17 नम्मबर को बोटिंग डाली जाना जिसके लिए सोमबर की दोपहर 12 बजे मध्यप्रदेश चुनाव निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस करके तारीको का ऐलान कर दिया है तारीको का ऐलान होते ही आचार संहिता प्रभावी हो गई है जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संदीप जे आर द्वारा समस्त आर ओ को आदेशित करते हुये आचार संहिता को प्रभावी करने के आदेशित का है। उसी आदेश के परिपालन में घुवारा तहसीलदार ऋतु सिंघई द्वारा स्थानीय प्रशानिक अमला पुलिस प्रशासन, नगरीय प्रशासन सहित राजस्व अमले की उपथाना परिसर मे बैठक लेते हुये साथ ही निर्वाचन संबधित दिशा निर्देश देते हुये फ्लैग मार्च निकाला फ्लैग मार्च मे तहसलीदार ऋतु सिंघई उपथाना प्रभारी बीरेन्द्र परस्ते नगरपरिषद से राजस्व प्रभारी रनमत सिहं सहित तीनो विभागो का अमला मौजूद रहा। फ्लैग मार्च उपथाना ने प्रराभ हुआ जो नगर के हाईवे से होते हुये मैने बाजार सहित नगर की बिभिन्न गलियो से गुजरा वही तहसीलदार द्वारा दीवारो मे लगे राजनेतीओ के पोस्टरो को निकला तो वही दीवारो पर लगे संबधित उन्मीदवारो के प्रचार-प्रसार को मिटाया।

विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद मध्य प्रदेश में आचार संहिता लागू

# राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारियों को लेकर कसी कमर

**भोपाल, एजेंसियां।** देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही मध्य प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होने के बाद तीन दिसंबर को चुनाव नतीजों के ऐलान के साथ नई सरकार को लेकर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश समेत पांच राज्यों- छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। तारीखों के ऐलान के साथ ही राजनीतिक दलों से लेकर प्रशासनिक मशीनरी ने भी चुनाव की तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा अब तक कुल 79 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी ने इन सीटों में से कुछ पर अपने दल के दिग्गज नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव में उतार कर सबको चौंका दिया है। ये सभी वे सीटें हैं, जिन पर पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं कांग्रेस की अब तक कोई सूची सार्वजनिक नहीं हुई है।

इस संबंध में भाजपा के प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश को बीमारु से विकसित तक का सफर तय कराया है। पार्टी ढेर सारी योजनाओं के साथ ही जन आशीर्वाद की कामना के साथ जनता के

### मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए होगा चुनाव

बीच गई थी, जबकि कांग्रेस जन आक्रोश के साथ जनता के बीच गई। आने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को जनता का पूरा आशीर्वाद मिलने की उम्मीद है। वहीं कांग्रेस के प्रवक्ता के के मिश्रा ने कहा कि आचार संहिता लगने के बाद पूरा विश्वास है कि मध्य प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान का सम्मान कायम रहेगा। अपेक्षा है कि लोकतंत्र को मजबूत करने वाले सभी स्तंभ आचार संहिता की भावना के अनुरूप ईमानदारी से काम करेंगे। जहां तक कांग्रेस की सूची की बात है तो वो नवरात्रि में सामने आ जाएगी। राज्य में कुल 230 विधानसभा सीटें हैं। वर्तमान में इनमें से 127 पर भारतीय जनता पार्टी, 96 पर कांग्रेस, दो पर बहुजन समाज पार्टी, एक पर समाजवादी पार्टी और चार पर निर्दलीय विधायकों का कब्जा है।

प्रदेश में आम तौर पर चुनाव परिणाम दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस पर ही आधारित होते हैं, लेकिन इस बार बसपा, सपा और निर्दलीयों के साथ ही आम आदमी पार्टी पर भी सबकी नजरें बनी हुई हैं। राज्य में सामान्य मतदाताओं की संख्या पांच करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 हैं, जिसमें पुरुष मतदाता दो करोड़ 88 लाख 25 हजार 607, महिला मतदाता दो करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 और थर्ड जेंडर एक हजार 373 हैं। सेवा मतदाताओं की कुल संख्या 75 हजार 304 हैं। इस प्रकार प्रदेश में कुल मतदाता पांच करोड़ 61 लाख 36 हजार 229 दर्ज हुए हैं। राज्य में सबसे कम मतदाता 42 बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के सोनेवानी (वनग्राम) मतदान केंद्र में हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक वोटर टर्न आउट 89.13 प्रतिशत रतलाम जिले के सैलाना विधानसभा क्षेत्र में और सबसे कम 52.84 प्रतिशत अलीराजपुर के जोबट में रहा। सिवनी के लखनादौन विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान केंद्र 407 और सबसे कम 193 इंदौर के इंदौर-3 विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए हैं।

चुनाव की तारीखों की घोषणा पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-

## जनता देगी भाजपा को आशीर्वाद




**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इस बार भी चुनाव में जनता भाजपा को ही आशीर्वाद देगी। उन्होंने प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद यह कहा। भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि विकास और गरीब कल्याण के जो काम हमारी सरकारों ने किए हैं, उसके आधार पर प्रदेश की जनता हमें आशीर्वाद देगी और अब तक की सर्वाधिक सीटें जीतकर भाजपा इतिहास रचेगी। श्री शर्मा ने निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वाले तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा पहल को अभिनव और अनुकरणीय बताते हुए आयोग के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की डबल इंजन वाली सरकार लोगों का जीवन बदलने का काम कर रही हैं। हमारे कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं, जो प्रत्येक बूथ पर सजग प्रहरी की तरह तैनात हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आयुष्मान भारत, उज्जवला और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीबों का जीवन बदलने का काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश को लगातार विकास की सौगातें दे रहे हैं और इनके चलते वे प्रदेश की जनता के मन में बस गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि अब भाजपा की सरकार प्रदेश को स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों को रोजगार के अवसर दे रही है। श्री शर्मा ने कहा कि जनता को इस बारे में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

सरकार की घोषणाओं पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, पूछा-

## कौन-कौन सी घोषणाएं पूरी हुईं



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा सरकार की घोषणाओं पर कांग्रेस पार्टी ने सवाल उठाए हैं, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक और प्रदेश मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने भाजपा से सवाल पूछा है कि 25 हजार से अधिक घोषणाओं में कौन-कौन सी घोषणाएं पूरी हुई? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पूर्व के 16 वर्षीय कार्यकाल में 22 हजार घोषणाएं की, 2020 में एक खरीदी हुई सरकार के मुखिया होने के बाद 3 जुलाई 2023 तक 2715 घोषणाएं की जो आचार संहिता लगने के वक्त तक जारी थी!

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में इन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए कि इन घोषणाओं में कितनी घोषणाएं जमीन पर दिखाई दीं और यदि नहीं दिखाई दे रही हैं तो क्या यह एक घोषणावीर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की जागरुक जनता के साथ किया गया राजनैतिक धोखा और अक्षम्य अपराध नहीं है?

डॉ रागिनी ने मप्र सहित अन्य 4 राज्यों में लागू बहुप्रतिक्षित आदर्श आचार संहिता का स्वागत किया है, इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि लोकतंत्र के सभी महत्वपूर्ण स्तंभ अपनी पूर्ण ईमानदारी और निष्पक्षता से आदर्श आचार संहिता का पालन कर प्रदेष में एक संवैधानिक और लोकतांत्रिक सरकार के निर्माण में सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लागू होने के बाद प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, अत्याचार, अनाचार और भय का वातावरण समाप्त होगा।

### निशा की गिरफ्तारी की निंदा

छतरपुर की डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे की गिरफ्तारी की कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी ने निंदा करते हुए इसे सरकारी की तानाशाही बताया। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी डिप्टी कलेक्टर को केवल अपना त्याग पत्र देने के लिए पुलिस के डंडे खाने पड़ रहे हैं, उनके कपड़े फाड़ दिए गए और बाबा साहब की तस्वीर को भी फाड़ दिया। उन्होंने कहा कि ये सरकार तानाशाही की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। डॉ. रागिनी ने कहा कि 18 साल में प्रदेश में संविधान को लगातार तार-तार कर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा-

## कड़वे साबित होंगे कांग्रेस के झूठ के पकवान



**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री और चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव ने कहा कि आने वाले 5 राज्यों के चुनाव में जनता और ओबीसी समाज का समर्थन भाजपा को मिलेगा और जनता के इस समर्थन से कांग्रेस की झूठ की दुकान और झूठ के पकवान कड़वे साबित होंगे। केन्द्रीय मंत्री जातिगत जनगणना के बारे में कांग्रेस के बयान को झूठा बता रहे थे। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि जनगणना का कार्य केंद्र सरकार का है। जनगणना से राज्य सरकारों का कोई लेना देना नहीं है। यह हकीकत उन दलों और नेताओं को भी पता है जो जातिगत जनगणना को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति से वह बाज नहीं आ रही है। कांग्रेस का रिकॉर्ड खराब है, उसकी गारंटी झूठी है और सपने हकीकत से दूर हैं। यह बात केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव ने मीडिया से चर्चा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर विश्वास रखती है। वह समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बीते 9 सालों में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए काम किया है। समाज के सभी वर्ग आज जिस तरह से आगे बढ़ रहे हैं, विकास कर रहे हैं, उसे देखकर कांग्रेस तिलमिला गई है। यही कांग्रेस जो पहले कहा करती थी कि हमारे सौ रुपये में से 85 रुपये दलालों की जेब में चले जाते हैं, वो आज यह देखकर घबरा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में आधार, मोबाइल और जनधन की बदौलत पूरे सौ रुपये गरीबों के पास पहुंच रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि देश का ओबीसी समाज यह जानता है कि प्रधानमंत्री सबके हैं और सबके साथ न्याय करते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि राहुल गांधी झूठ की राजनीति बंद करिए, झूठे सपने देखना बंद करिए और देश की हकीकत को पहचानिए, आज ओबीसी समाज भाजपा के साथ खड़ा है।

### इमारत में लिफ्ट में फंसा प्लंबर, मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली में एक आवासीय इमारत में लिफ्ट में फंसने से एक प्लंबर की मौत हो गई। पुलिस नियंत्रण कक्ष को नारायणा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के लिफ्ट में फंसने की सूचना मिली, जिसके बाद एक पुलिस दल भेजा गया। पुलिस ने स्थानीय तकनीशियन की मदद से लिफ्ट खोली और घायल को अस्पताल ले जाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## राष्ट्रीय डाक सप्ताह आज से, विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** विश्व डाक दिवस पर राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 10 अक्टूबर से लेकर 13 अक्टूबर तक आयोजित इस सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी मध्यप्रदेश डाक विभाग परिमण्डल के निदेशक पवन कुमार डालमिया ने ये जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वित्तीय सशक्तिकरण मनाया जाएगा। जिसमें चौपाल कार्यक्रम के जरिए गांव-गांव तक डाक सेवाओं के विषय में जागरुकता तथा उनके वित्तीय सशक्तिकरण का कार्य किया जाएगा। श्री डालमिया ने बताया कि बुधवार 11 अक्टूबर को फिलाटेली दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के डाक संभागों में ढाई आखर प्रतियोगिता के तहत स्कूलों में इंटरैक्टिव सेशन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सेमीनार होंगे। परिमण्डल निदेशक ने कहा कि मेल्स और पार्सल दिवस पर 12 अक्टूबर को बीएनपीएल ग्राहकों के साथ बैठक आयोजित करेंगे, और बेहतर व्यवसाय देने वाले ग्राहकों उनका सम्मान भी करेंगे। साथ ही मेल्स की गुणत्ता सुधार के लिए विभिन्न स्तरों पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। श्री डालमिया ने कहा कि अंत्योदिवस पर 13 अक्टूबर को वंचित, पिछड़े, एवं दूर-दराज वाले क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों के लिए आधार पंजीकरण और अपडेशन का आयोजन विभिन्न होंगे। जिसके तहत जन सुरक्षा स्कीम पीएमजेजेवाय, पीएमएसबीवाय, एपीवाय, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, सोशल सिक्यूरिटी पेंशन्स, महिला सम्मान बचत पत्र, सुकन्या समृद्धि एकाउंट्स, एईपीएस जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरुकता कार्यकम होंगे। इसके साथ ऑनलाइन भुगतान के दौरान धोखाधड़ी से बचने के संबंध में सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान की जावेगी। इसके साथ ही कामन सर्विस सेंटर सेवाओं के पंजीकरण, प्रधानमंत्री किसान पंजीकरण, आयुष्मान भारत, श्रम शक्ति योजना और प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रमाण पत्र के वितरण संबंधी जानकारियों भी इस दौरान आम नागरिकों तक पहुंचाई जावेगी। इसी कड़ी में फैक्ट्री अथवा व्यावसायिक संस्थानों के संचालक और कर्मचारियों को इंडियान पोस्ट पेमेंट बैंक की जीएजी पॉलिसी की बीमासुविधा की जानकारी प्रदान की जावेगी।

श्री डालमिया ने बताया कि डाक विभाग द्वारा रजिस्ट्री, पार्सल, स्पीड पोस्ट, अल्प बचत योजनाओं, जीवन बीमा पॉलिसी, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, आधार अपडेशन, रेल टिकट रिजर्वेशन, पासपोर्ट सेवा केन्द्र, डाक निर्यात केन्द्र, गंगाजल वितरण , तिरंगा वितरण आदि जन उपयोगी सेवाओं के माध्यम से दूरस्थ स्थित क्षेत्र में भी सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## गजवेल व कामारेड्डी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे केसीआर



**हैदराबाद, देशबन्धु।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने दो सीटों से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। साथ ही वह लगातार कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वह 9 नवंबर को सिद्दीपेट जिले की अपनी पारंपरिक सीट गजवेल के अलावा बीआरएस के मजबूत किले के तौर पर मशहूर कामारेड्डी विधानसभा क्षेत्र से भी चुनाव लड़ेंगे। 9 नवंबर की सुबह, सिद्दीपेट निर्वाचन क्षेत्र में कोन्यापल्ली वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का दौरा किया जाएगा और परंपरा के अनुसार विशेष पूजा की जाएगी। बाद में सीएम केसीआर गजवेल में अपना पहला नामांकन करेंगे।

इसके बाद दूसरा नामांकन दोपहर दो बजे कामारेड्डी में किया जाएगा। बाद में सीएम केसीआर तीन बजे से शुरू होने वाली कामारेड्डी जनसभा में हिस्सा लेंगे। बीआरएस प्रमुख मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की 15 अक्टूबर को तेलंगाना भवन में पार्टी विधायक उम्मीदवारों के साथ बैठक करेंगे। बीआरएस प्रमुख मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव 15 अक्टूबर को तेलंगाना भवन में पार्टी के विधायक उम्मीदवारों से मुलाकात करेंगे।

इस मौके पर सीएम केसीआर उम्मीदवारों को चुनाव में अपनाए जाने वाले नियम-कायदों के बारे में बताएंगे। वहीं बीआरएस के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव बीआरएस पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे। बाद में, 15 अक्टूबर को ही केसीआर हैदराबाद से प्रस्थान करेंगे और शाम 4 बजे हुस्नाबाद निर्वाचन क्षेत्र केंद्र में आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे।

### केसीआर इस जिले में करेंगे दौरा

16 अक्टूबर को सीएम जनगामा और भुवनागिरी निर्वाचन क्षेत्रों के केंद्रों में एक खुली बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद 17 अक्टूबर को केसीआर सिद्दीपेट और सिरिसिला निर्वाचन क्षेत्र केंद्रों में आयोजित सार्वजनिक बैठक में भाग लेंगे। वहीं 18 अक्टूबर को केसीआर दोपहर 2 बजे जडचार्ला निर्वाचन क्षेत्र केंद्र और उसी दिन शाम 4 बजे मेडचल निर्वाचन क्षेत्र केंद्र में आयोजित जनसभा में भाग लेंगे।

## एथलीटों से मुलाकात करेंगे मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को हांगझोऊ एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल से मुलाकात करेंगे। चीन में एशियाई खेलों में भारत ने इतिहास रचा है। एशियन गेम्स में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत 100 पदक जीतने में सफल रहा है। इस दमदार प्रदर्शन से पूरा देश खुश है। इस बीच पीएम ने ऐलान किया है कि वो मंगलवार को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में एथलीटों से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के एथलीट, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधिकारी भी भाग लेंगे। इससे पहले गत रविवार को पीएम ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में अब तक के सबसे अधिक पदक जीतने के लिए भारतीय दल की सराहना की।

## फिलिस्तीन के लोगों की समस्या का होना चाहिए समाधान



### इजरायल-हमास संघर्ष के बीच किया युद्ध विराम का आह्वान

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सोमवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में इजरायल की सेना और हमास के बीच चल रही खतरनाक लड़ाई को तत्काल खत्म करने का आह्वान किया गया। साथ ही पार्टी की ओर से फिलिस्तीन का समर्थन करने की बात करते हुए कहा गया कि कांग्रेस लंबे समय से फिलिस्तीनी लोगों के लिए उनकी जमीन और अधिकारों की पक्षधर रही है। सभी को गर्व के साथ जीने का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि वह तत्कालिक रूप से युद्ध विराम का आह्वान करती है। मौजूदा स्थितियों में दोनों देशो को बैठकर बात करनी चाहिए। बता दें कि एक दिन पहले ही कांग्रेस पार्टी ने इजरायल पर किए गए हमास के हमले की निंदा की थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा से मानना रहा है कि इजरायलियों की राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को सुनिश्चित करते हुए फिलिस्तीन के लोगों को वाजिब मांगों को बातचीत के माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हमास के आतंकियों की ओर से शनिवार को इजरायल पर किए गए हमले के बाद दुनिया भर के देशों के नजरें उस पर लगी हुई हैं।

इजरायल ने भी युद्ध का ऐलान करते हुए जवाबी कार्रवाई शुरू कर चुका है। गाजा पर भयानक बमबारी हो रही है। तमाम भवनों व कार्यालयों को निशाना बनाते हुए उन्हें तहस-नहस कर दिया गया है। चारों ओर तबाही का मंजर दिख रहा है।

लद्दाख हिल काउंसिल में हारी भाजपा को राहत

## विधानसभा चुनाव टलने की घोषणा मलहम साबित हुई

• **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु।** अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार हुए लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (करगिल) के चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जो जीत का जलवा बिखेरा उसने प्रदेश भाजपा को गहरा आघात पहुंचाया है।

इतना जरूर था कि इस हार से घबराई भाजपा को देश के मुख्य चुनावायुक्त की उस घोषणा ने फिलहाल राहत प्रदान की है जिसमें उन्होंने जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों को टालने की बात कही है। करगिल के स्थानीय हिल काउंसिल के चुनावों के परिणामों में 26 सीटों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस व नेकां ने एक तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा जमा लिया। भाजपा को यहां करारी हार का सामना करना पड़ा। उसके 17 में से दो प्रत्याशी ही जीत सके यानी साढ़े आठ फीसदी प्रत्याशी जीते। विपक्ष ने कहा कि जनता ने भाजपा को नकार दिया है। यह अनुच्छेद 370 को हटाने तथा राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त करने के फैसले के खिलाफ जनमत है। हालांकि प्रदेश भाजपा के नेता कहते थे कि इन चुनावों के परिणाम का जम्मू कश्मीर की राजनीति पर कोई ज्यादा असर नहीं पड़ेगा क्योंकि दोनों अलग अलग केंद्र शासित प्रदेश हैं और दोनों के अपने अलग अलग राजनीतिक एजेंडे भी हैं। पर राजनीतिक पंडित कहते थे कि इन परिणामों का असर आने वाले लोकसभा चुनावों पर जरूर देखने को मिलेगा, चाहे विधानसभा चुनाव इससे अछूते रहें।

यह भी सच है कि चुनावायुक्त ने प्रदेश में फिलहाल विधानसभा चुनावों को कई कारणो से टाल कर अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा की ही मदद की है। उसके कई नेता इसे राहत के तौर पर लेते हुए नाम न छापने की शर्त पर कहते थे कि प्रदेश भाजपा नेताओं को इन परिणामों से सचेत होकर अपनी रणनीति में बदलाव लाना होगा।

### मतदाताओं का सामना करना नहीं चाहती भाजपा : उमर

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद चुनाव में एनसी-कांग्रेस गठबंधन की व्यापक जीत जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के खिलाफ लोगों के गुस्से का नतीजा है। सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उमर ने गठबंधन पर भरोसा जताने और इन चुनावों में भाजपा की हार के लिए कारगिल के लोगों को धन्यवाद दिया। एनसी उपाध्यक्ष ने कहा कि न तो केंद्र सरकार और न ही भाजपा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिए तैयार है। भाजपा मतदाताओं को सामना नहीं करना चाहती हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मप्र में 17 नवम्बर को....** 21 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख दो नवंबर होगी। इसी प्रकार राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 23 नवंबर को होंगे। चुनाव के लिए अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख छह नवंबर को, नामांकन पत्रों की जांच सात नवंबर को और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख नौ नवंबर को होगी। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

**प्रदेश में साढ़े 5 करोड़ से....** पर निगरानी रखने के लिए जनसम्पर्क अधिकारियों की टीम 24 घण्टे निगाह रखेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 मतदाता फोटो निर्वाचक नामावली में नामांकित है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 88 लाख 25 हजार 607 जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 है। थर्ड जेंडर मतदाता एक हजार 373 है। प्रदेश में 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। शहरी क्षेत्र में 16 हजार 763 और ग्रामीण क्षेत्र में 47 हजार 760 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक मदान केंद्र पर शौचालय, रेंप, व्हील चेयर, पानी, हेल्पडेस्क, बिजली आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वरिष्ठ नागरिक एवं (पीडब्ल्यूडी) दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र भूतल पर बनाए गए हैं। इन्हें घर से भी मतदान करने की सुविधा पोस्टल बेलेट के माध्यम से दी गई है। ऐसे मतदाताओं को फॉर्म 12 डी भरकर देना होगा।

श्री राजन ने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रेक्षकगण संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया पर निगाह रखेंगे, जिनमें सामान्य प्रेक्षक, पुलिस और व्यय प्रेक्षक निरंतर निर्वाचन प्रक्रिया को देखेंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जीपीएस आधारित सी विजिल ऐप में 2 मिनट का वीडियो और फोटो डाउनलोड किए जा सकेंगे। कोई भी नागरिक आयोग को ऐप के माध्यम से शिकायत प्रेषित कर सकेंगे।

**शिवराज बुधनी सेफिर....** सिंह, बघेलान से विक्रम सिंह, सिरमौर से दिव्यराज सिंह, मऊगंज से प्रदीप पटेल, देवतालाब से गिरीश गौतम, रीवा से राजेंद्र शुक्ल, चुरहट से शरदेंदु तिवारी, जयसिंह नगर से मनीष सिंह, जैतपुर से जयसिंह मरावी, अनूपपुर से बिसाहू लाल सिंह, मानपुर से मीना सिंह मांडवे शामिल हैं। वहीं पार्टी ने विजय राघवगढ़ से संजय सत्येंद्र पाठक, मुड़वारा से संदीप जायसवाल, पाटन से अजय विश्नोई, जबलपुर छावनी से अशोक रोहणी, पनागर से सुशील कुमार तिवारी, परसवाड़ा से रामकिशोर कांवरे, सिवनी से दिनेश राय, आमला से योगेश पंडाग्रे, हरदा से कमल पटेल, सोहागपुर से विजयपाल सिंह, सांची से प्रभु राम चौधरी, सिलवानी से रामपाल सिंह, सिरोंज से उमाकांत शर्मा, बैरसिया से विष्णु खत्री, नरेला से विश्वास सारंग, गोविंदपुर से कृष्णा गौर, हुजूर से रामेश्वर शर्मा, बुधनी से शिवराज सिंह चौहान, इछावर से करण सिंह वर्मा, सीहोर से सुदेश राय, देवास से गायत्री राजे पवांर, हाट पिपल्लया से मनोज चौधरी, खातेगांव से आशीष गोविंद शर्मा को टिकट दिया गया है, जबकि हरसूद से विजय शाह, बड़वानी से प्रेम सिंह पटेल, बदनावर से राजवर्धन सिंह दतीगांव, इंदौर 2 से रमेश मेंदोला, इंदौर 4 से मालिनी गौड़, सांवेर से तुलसी सिलावट, उज्जैन दक्षिण से मोहन यादव, रतलाम शहर से चैतन्य काश्यप, मंदसौर से यशपाल सिंह सिसोदिया, मल्हारगढ़ से जगदीश देवड़ा, सावसरा से हरदीप सिंह डंग, और जावद से ओमप्रकाश सखलेचा को प्रत्याशी बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने पहली सूची में 39 और दूसरी सूची में 39 और तीसरी सूची में एक उम्मीदवारों की घोषणा की थी। पहली सूची में मुख्यत: जो उम्मीदवार घोषित किए गए थे वह 2018 में हारे हुए उम्मीदवार थे। तीसरी सूची में केवल एक नाम शामिल किया गया था।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।